नई दिल्ली
शनिवार, 18 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
दशमी वर्ष : 28, अंक : 37
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 45
न्यून. 31


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 महिला पहलवानों ने कहा- हमें ओलंपिक से पहले मानसिक शांति की जरूरत

DHIRSONS
JEWELLERS PVT LTD
DHIRAJ DHIR GROUP
₹67300
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market New Delhi - 110024, Ph: 47284728

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## रनवे पर ट्रैक्टर से भिड़ा एयर इंडिया का विमान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया का विमान एक बड़े हादसे से बाल-बाल बच गया। पुणे हवाईअड्डे के रनवे पर एयर इंडिया का विमान उड़ान भरने ही वाला था कि वहां खड़े एक ट्रैक्टर से टकरा गया। विमान में कुल 180 यात्री सवार थे।



किसी यात्री को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है लेकिन विमान को नुकसान पहुंचा है। ये घटना गुरुवार को शाम लगभग 4.21 बजे हुई। पुशबैक टग की चपेट में आने से विमान को नुकसान पहुंचा है। विमान में सवार यात्री और चालक दल सुरक्षित हैं और एयरलाइन ने उन्हें अन्य उड़ानों में बिठाया और डेस्टिनेशन पर भेजा गया। वहीं जो नहीं जाना चाहते थे, उन्हें उनका किराया वापस कर दिया गया।

### कल जेपी नड्डा, 20 को अमित शाह और सीएम योगी, 22 को राजनाथ सिंह करेंगे चुनावी विशाल जनसभाओं को संबोधित

# पीएम मोदी आज हरियाणा में विपक्ष पर गरजेंगे,अंबाला और गोहाना में करेंगे रैली

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 18 मई शनिवार को हरियाणा में दो रैलियां करेंगे। दोपहर को अंबाला लोकसभा और शाम को सोनीपत लोकसभा के गोहाना में रैलियां कर मतदाताओं से कमल का बटन दबाने की अपील करेंगे। प्रधानमंत्री की इन दो रैलियों के बाद भी एक के बाद एक स्टार प्रचारकों की रैलियां और कार्यक्रम 23 मई तक लगातार जारी रहेंगे।

23 को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा में रहेंगे। मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के पाली में विशाल रैली कर भाजपा की चुनावी जमीन को और मजबूत करेंगे। एक-एक नेता के एक-एक दिन में कई-कई कार्यक्रम तय किए गए हैं। 18 मई को प्रधानमंत्री की रैलियों के बाद 19 मई को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की तीन रैलियां रखी गई है। भाजपा मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 19 को फरीदाबाद, कैथल और करनाल से शक्तिशाली और विकसित भारत के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनआशीर्वाद मांगेंगे। सैनी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 20 मई को प्रदेश में गृहमंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, सतपाल महाराज जैसे तीन बड़े

### बड़े नेताओं के दौरे से हरियाणा में और प्रचंड होगी मोदी हवाः सैनी




**जयंत चौधरी**
**दीया कुमारी**
**सतपाल महाराज के भी कार्यक्रम तय**

**अंबाला और रोहतक लोकसभा में होगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली**

नेताओं के कार्यक्रम रहेंगे। 20 मई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हरियाणा में रहेंगे। हिसार और करनाल लोकसभा में उनकी रैलियों का कार्यक्रम तय हो चुका है। इसी दिन यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ दोपहर में सिरसा की अनाज मंडी में तथा शाम को रोहतक लोकसभा के झज्जर में रैली को संबोधित करेंगे। 20 मई को ही सतपाल महाराज सोनीपत और भिवानी लोकसभा में जनसभाएं कर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाकर भाजपा के लिए वोट की अपील करेंगे।

इसी तरह 19 मई को ही राष्ट्रीय लोकदल के नेता जयंत चौधरी फरीदाबाद के पलवल में भाजपा के लिए वोट करने की अपील जनता से करेंगे। मीडिया प्रभारी सैनी ने बताया कि केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी 22 मई को एक ही दिन में तीन रैलियों को संबोधित करेंगे। राजनाथ सिंह 22 मई को 11 बजे करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के समर्थन में घरौंडा में एक बड़ी रैली को संबोधित करेंगे। इसी तरह राजनाथ सिंह की दूसरी रैली 2 बजे कैथल जिला के कलायत में होगी। यहां राजनाथ सिंह कुरूक्षेत्र लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के समर्थन में लोगों को संबोधित करेंगे।

उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह की तीसरी रैली चार बजे भिवानी के हुडा पार्क ग्राउंड में होगी। यहां रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह के समर्थन में जनता से वोटों की अपील करेंगे। अरविंद सैनी ने बताया कि राजस्थान की डिप्टी सीएम दीया कुमारी 18 मई को भिवानी महेंद्रगढ़ में भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट की अपील करेगी। श्री सैनी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है।






नई दिल्ली

शनिवार, 18 मई 2024

वैशाख मास शुक्ल पक्ष, दशमी वर्ष : 28, अंक : 37

पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00


मौसम

अधि. 45

न्यूून. 31


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


haribhoomi.com





11 महिला पहलवानों ने कहा- हमें ओलंपिक से पहले मानसिक शांति की जरूरत







'हर बार की तरह इस बार भी राजनीतिक हिटमैन ने खुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दीं'

**बड़ा कांड :** एफआईआर में स्वाति मालीवाल ने लगाए गंभीर आरोप, आप का दावा- सारे आरोप झूठे, वे भाजपा का मोहरा

# मुझे थप्पड़ मारे, शरीर के निचले हिस्से पर लातें मारी...केजरीवाल ही 'हिटमैन'

## स्वाति की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज की थी, वहीं बिभव ने भी स्वाति के खिलाफ शिकायत की है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा सांसद स्वाति मालिवाल ने एफआईआर में कहा है कि वह लगातार मदद के लिए चिल्ला रही थीं लेकिन सीएम अरविंद केजरीवाल का पीए बिभव नहीं रुका। आरोप लगाया कि बिभव ने उनकी छाती, पेट और शरीर के निचले हिस्सों पर लात से हमला किया। स्वाति की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें उन्होंने ▶▶ शेष पेज 5 पर

आप नेता आतिशी मर्लेना ने कहा कि स्वाति के आरोप भाजपा से प्रेरित हैं। वे भाजपा का मोहरा बन गईं




**जिस हद तक गिर सकता है गिर जा:** स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडया पोस्ट में कहा है कि हर बार की तरह इस बार भी राजनीतिक हिटमैन ने खुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। अपने लोगों से ट्वीट करवाकर, आधी-अधूरी बिना संदर्भ की वीडियो ▶▶ शेष पेज 5 पर

### वीडियो हुआ वायरल

## स्वाति कहती हैं-ये गंजा..टच किया तो नौकरी 'खा' जाऊंगी

▶▶ *ये वीडियो 13 मई को घटना वाले दिन का बताया जा रहा है। वीडियो में स्वाति मालीवाल सीएम आवास के अंदर बैठी हैं जहां कुछ कर्मचारियों के साथ उनकी बहस होते दिखाई दे रही है। 'हरिभूमि' इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस वीडियो को दिल्ली पुलिस ने भी अपने जांच के संज्ञान में लिया है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने भी ये पुष्टि नहीं की है कि ये वीडियो कब का है और कहां का है?*

▶▶ *स्वाति मालीवाल बिभव पर गुस्सा में कहती हैं- आज मैं इन सब लोगों को बताऊंगी, जो करना है करो...अगर मुझे टच किया या हाथ लगाया तो मैं तुम्हारी भी नौकरी खाऊंगी...। आप अभी मेरी डीसीपी से बात कराइए, मैं इसके पहले एसएचओ सिविल लाइंस* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## स्वाति के साथ मारपीट के मुद्दे पर केजरीवाल बयान देने का साहस नहीं जुटा पा रहे



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री और भारतीय जानत पार्टी की वरिष्ठ नेता निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को दिल्ली के सीएम आवास पर राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल के साथ हुई मारपीट मामले में अरविंद केजरीवाल की चुप्पी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने साथ ही आम आदमी पार्टी की महिला विरोधी नीतियों और मानसिकता की जमकर आलोचना की। श्रीमति सीतारमण ने कहा कि आम आदमी पार्टी की महिला सदस्य और राज्यसभा सांसद, जो स्वयं महिला आयोग की पूर्व अध्यक्षा रही हैं, उनके ऊपर हमला हुआ लेकिन 13 मई से अब तक सीएम अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर एक शब्द भी नहीं बोला है। सीएम जब स्वयं घर पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

वरिष्ठ राजनैतिक विश्लेषक गिरिजा शंकर से हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

## सभी विपक्षी दल 'एंटी इन्कम्बेंसी' बताकर अपनी स्थिति बेहतर बना सकते थे लेकिन ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा

**ये भी बोले गिरिजा शंकर**

- *पीएम मोदी को तानाशाह कहने का आरोप कन्वेंसिंग नहीं लगता*
- *सामान्य माहौल में 400 सीटों की बात करना असहज लगता है*



- *अरविंद केजरीवाल के सवालों से भाजपा असहज हो गई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वरिष्ठ राजनैतिक विश्लेषक गिरिजा शंकर का मानना है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए चुनाव के बाद सहानुभूति की लहर में कांग्रेस को 400 से अधिक सीटें मिली थीं, तब राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने थे। लेकिन, सामान्य माहौल में 400 सीटों की ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh न्यूज विशेष

### उनसे सीधी बात

**प्रश्न:** 2024 का यह चुनाव किस दिशा में जा रहा है?

**उत्तर:** 2024 के चुनाव को लेकर काफी उत्सुकता दिख रही है। जिस प्रकार से विपक्षी दलों ने गठबंधन तैयार किया और भाजपा ने 400 पार का नारा दिया। इस चुनाव में मोदी सरकार की बात हो रही है, भाजपा की बात नहीं हो रही है। मोदी के नाम पर वोट देने की बात हो रही है। मोदी का नेतृत्व पहले भी दो चुनाव में था और उस समय भाजपा सरकार थी लेकिन ▶▶ शेष पेज 5 पर

# पतंजलि के लाइसेंस निलंबित करने के आदेश पर अंतरिम रोक

एजेंसी ▶▶ देहरादून

पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड और दिव्य फार्मेसी की एक दर्जन से अधिक दवाइयों के विनिर्माण लाइसेंस निलंबित किए जाने संबंधी हाल के एक आदेश के क्रियान्वयन पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी गयी। मामले की जांच कर रही एक उच्च स्तरीय समिति ने अपनी प्रारंभिक जांच



फाइल फोटो

रिपोर्ट में कहा कि दवाइयों के विनिर्माण का लाइसेंस निलंबित किए जाने का आदेश अवैध है और लाइसेंसिंग प्राधिकरण को इस आदेश को उस तरीके से पारित नहीं करना चाहिए था जैसे उसने किया। प्रदेश के आयुष सचिव पंकज कुमार पांडेय ने अपने आदेश में कहा कि समिति की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर कंपनियों के दवाइयां बनाने के लाइसेंस निलंबित करने के आदेश के क्रियान्वयन पर तत्काल प्रभाव से अंतरिम रोक लगाई जा ▶▶ शेष पेज 5 पर






## आसमान में फ्लाइट थी फायर अलार्म बजा, करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बेंगलुरू के लिए रवाना हुई एयर इंडिया की उड़ान में आग लगने की आशंका के कारण रवाना होने के करीब 18 मिनट बाद ही आइजीआई एयरपोर्ट लौट आई। विमान ने आइजीआई एयरपोर्ट के रनवे पर इमरजेंसी लैंडिंग की। विमान में सवार सभी 175 यात्री सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 807 ने आइजीआई एयरपोर्ट से निर्धारित समय से 10 मिनट के विलंब से शाम साढ़े पांच बजे रवाना हुई। उड़ान ने अभी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की वायु सीमा भी पार नहीं की थी, पायलट को आशंका हुई कि विमान के वातानुकूलन में आग लगी है। इसके बाद पायलट ने इस प्रकरण से तत्काल आइजीआई एयरपोर्ट के एटीसी को अवगत कराया। पायलट ने विमान को वापस लौटाने का फैसला किया। एटीसी से मंजूरी के बाद विमान ने रास्ता मोड़ा और हरियाणा के तावड़ू व उत्तर प्रदेश के रबुपुरा व जेवर के उपर कई चक्कर काटने के बाद आइजीआई एयरपोर्ट पर 6.38 बजे लैंडिंग की। एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग से जुड़े प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विमान की इमरजेंसी लैंडिंग सुरक्षित कराई गई।




# वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार, भारत में गाजियाबाद चौथे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मियावाकी पद्धति से प्लांटेशन, सड़क सुधार के कार्य, अमृत सरोवर , एंटी स्मोक गण तथा वॉटर स्प्रिंकलर का कार्य व अन्य प्रयासों से बदल दी गाजियाबाद की आबोहवा।



दिल्ली से गाजियाबाद के लोगों के लिए शुक्रवार का दिन राहत लेकर आया दरअसल गाजियाबाद नगर निगम की मेहनत के बल पर अवर एयर क्वालिटी सुधार रैंक में गाजियाबाद देश में चौथे नंबर पर आया जबकि उत्तर प्रदेश में उसे दूसरी रैंक मिली। इस खबर के आने के बाद नगर निगम के अधिकारियों महापौर वह स्टाफ में खुशी का माहौल है। वही नगर आए तो विक्रमादित्य मलिक ने इस बड़ी उपलब्धि के लिए महापौर और समस्त स्टाफ को शुभकामनाएं दी हैं। शादी उन्होंने सहयोग देने के लिए शहर की जनता का भी आभार व्यक्त किया है।



### सड़कों पर चलवाए जा रहे 20 वॉटर स्प्रिंकलर

शहर हित में प्रतिदिन वायु गुणवत्ता सुधार के लिए 8 से 10 एंटी स्मोक गण तथा लगभग 20 वॉटर स्प्रिंकलर मार्गो पर चलवाए जा रहे हैं। जो कि प्रतिदिन 50 किलोमीटर तक का एरिया कवर कर रहे हैं जिनको चलने के साथ-साथ उनकी मॉनिटरिंग भी प्रबल की गई है जीपीएस के आधार पर उपकरणों को चलवाया जा रहा है वायु गुणवत्ता में सुधार लाया जा रहा है।

### अमृत सरोवर का जीर्णोद्धार कर रहा जलकल विभाग

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर आगे भी प्लानिंग की है जिसमें पांच अमृत सरोवर का जीर्णोद्धार जलकल विभाग कर रहा है, वहीं नगर निगम द्वारा बायोडायवर्सिटी पार्क भी शासन से स्वीकृत कर लिया गया है। नगर निगम की प्लानिंग धरातल पर सफल होते दिखाई दे रहे हैं ।

### धूल मुक्त बनाने के क्रम में सड़कों का सुधार

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर भी लगातार कार्य चल रहे हैं इसी क्रम में गाजियाबाद का भारत में चौथा स्थान केंद्रीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के प्राना पोर्टल के अंतर्गत दर्शाया गया है। गाजियाबाद नगर निगम में शहर को धूल मुक्त बनाने के क्रम में सड़कों का सुधार भी कराया है। उन्होंने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में अधिकांश कार्य एनवायरमेंट प्रोटक्शन फंड के माध्यम से कराए गए हैं। लगभग 20 करोड़ के कार्य औद्योगिक क्षेत्र में सड़क सुधार में कराए गए एयर क्वालिटी इंडेक्स के अंतर्गत भी लगभग 8 से 10 करोड़ के कार्य कराए गए ।

### दो लाख अधिक पौधे लगाए गए

जिसमें औद्योगिक क्षेत्र को सुधारते हुए धूल मुक्त कर गया है। इसी कार्यवाही को आगे बढ़ते हुए नगर आयुक्त के नेतृत्व में प्लांटेशन के कार्य को बढ़ाया गया है। जिसमें गाजियाबाद नगर निगम की रिक्त भूमि पर मियावाकी पद्धति से एक से दो लाख पौधे लगाए गए तथा उनका संरक्षण भी किया जा रहा है। जिससे वायु गुणवत्ता में काफी फर्क पड़ा है। प्लांटेशन का कार्य लगातार उद्यान विभाग द्वारा बढ़ाया जा रहा है और उनके संरक्षण को भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### 1950 पर शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही की गई



**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा टोल फ्री नंबर 1950 जारी किया गया है। इस पर आने वाले शिकायतों व अन्य चुनाव से संबंधित जानकारी के लिए त्वरित कार्रवाई की जा रही है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार टोल फ्री नंबर के लिए विशेष तौर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कोई भी व्यक्ति इसमें सुझाव व शिकायत भी दर्ज करवा सकते हैं। जिसपर त्वरित कार्यवाही की जाती है।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी टाऊन 3 प्रभारी संजय कुमार की टीम ने पोक्सो एक्ट के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम शाहरुख खान है । उसके खिलाफ 16 मार्च को थाने में पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था । जिसमें आरोपी ने 17 वर्षीय नाबालिग के साथ कई बार दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी के पड़ोस में रहता है जो पिछले दो-तीन साल से जानता था और उसने मौका देखकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था।

### 2 वाहन चोर गिरफ्तार 2 बाइक भी बरामद



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एनआईटी प्रभारी संदीप की टीम ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में ललित तथा योगेश उर्फ पोपट का नाम शामिल है। क्राइम ब्रांच की टीम में गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 7 मई को आरोपी ललित को अमृता हॉस्पिटल के पास से चोरी की मोटरसाइकिल सहित काबू किया था। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि यह बाइक उसने आरोपी योगेश के साथ मिलकर 10 अप्रैल को खेड़ीपुल एरिया से चोरी की थी।

### 75% शिकायतों का हुआ समाधान

# एप के जरिए लोगों ने भेजी चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की 2246 शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

◆ चुनाव आयोग द्वारा सी विजिल नाम से एक सॉफ्टवेयर शुरू किया गया है। प्रशासन सी विजिल एप पर अपलोड शिकायतों की निगरानी कर रही एफएसटी-एसएसटी की टीम द्वारा समयबद्ध जल्द से जल्द निपटारा किया जा रहा है।

» सबसे अधिक बल्लभगढ़ विस क्षेत्र से 1106 शिकायतें

» बड़खल विधान सभा क्षेत्र से 369 शिकायतें दर्ज

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर लोक सभा चुनाव के बेहतर क्रियान्वयन के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर सी विजिल ऐप की प्रोग्रेस रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए बताया कि चुनाव आयोग द्वारा सी विजिल नाम से एक सॉफ्टवेयर शुरू किया गया है। जिसमे मतदाता चुनाव क्रियान्वयन से जुड़ी हुई शिकायतों को एप पर फोटो अपलोड करके आनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर दर्ज करवा सकते है। वहीं प्रशासन द्वारा सी विजिल एप पर अपलोड शिकायतों की निगरानी कर रही एफएसटी-एसएसटी की टीम द्वारा समयबद्ध जल्द से जल्द निपटारा किया जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने आगे बताया कि सी विजिल एप ऑनलाइन नागरिकों को जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारियों और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर उड़नदस्तों से जोड़ता है। जहां आम लोकसभा चुनाव-2024 को एप की मदद से नागरिक रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में व्यक्तिगत न जाकर राजनीतिक प्रचार प्रसार से जुड़ी घटनाओं की तुरंत रिपोर्ट कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि सी विजिल एप पर अपलोड की गई शिकायतों में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और राजनीतिक दलों की शिकायतें भी शामिल हैं। गौरतलब है कि आम लोकसभा चुनाव-2024 की घोषणा होने के बाद से सी विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता एमसीसी के उल्लंघन की फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर अपलोड हुई 2246 शिकायतें मिली हैं। जिनमें से 75 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि सी विजिल एप पर अपलोड अधिकांश शिकायतों का 100 मिनट के भीतर समाधान कर दिया गया।




### शिकायतों का समाधान भी अपलोड किया गया

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में 6 विधानसभा से सी विजिल एप पर अपलोड की गई शिकायतों में बड़खल विधान सभा क्षेत्र से 369 शिकायतें दर्ज की गई है। जिनमें 88 प्रतिशत सटीकता से निपटा दी गई हैं। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र से 1106 शिकायतें दर्ज करवाई गईं। फरीदाबाद विधान सभा क्षेत्र से 256 और फरीदाबाद एनआईटी से 136 शिकायतें मिली। वहीं पृथला विधानसभा क्षेत्र में 343 व तिगांव विधान सभा क्षेत्र में 36 शिकायतें दर्ज करवाई गईं जिनमें से अधिकतर शिकायतों का समयबद्ध सीमा पर ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर समाधान करके अपलोड किया गया है।

*राव इंद्रजीत लोगों की कसौटी पर उतरे हैं खरे, उनका परखा हुआ और तजुर्बेकार व्यक्तित्व*

# परिवार से पहले क्षेत्र की जनता, जो कहा वो कर दिखाया : आरती राव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



बीजेपी हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव ने शुक्रवार को अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी पर जमकर वार किए। उन्होंने राज बब्बर का नाम लिए बगैर कहा कि कांग्रेस ने ऐसे उम्मीदवार को गुडग़ांव से प्रत्याशी बनाया है जो चुनाव क्षेत्र बदल लेता है। जबकि उनके पिता राव इंद्रजीत सिंह जन सहयोग से लगातार एक ही क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसा इसलिए की राव इंद्रजीत सिंह लोगों की कसौटी पर खरे उतरे हैं। जो कहा है वह करके दिखाया है। राव इंद्रजीत सिंह परखा हुआ और तजुर्बेकार व्यक्तित्व है। उनके पिता लोगों के दिलों पर राज करते हैं। उनके लिए परिवार से पहले क्षेत्र की जनता रही है। ऐसे कितने ही उदाहरण है जब उन्होंने पारिवारिक जरूरतों को दरकिनार कर क्षेत्र की जनता के हकों की पैरवी की है। आरती राव ने कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर का नाम लिए बगैर उन्हें बाहरी बताते हुए कहा कि कुछ लोगों को गुडग़ांव लोकसभा क्षेत्र में विकास दिखाई नहीं दे रहा। गुडग़ांव की जनता क्या यह दायित्व है कि उन्हें दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस में दिखाए और 25 मई को इसी एक्सप्रेसवे से उन्हें मुंबई वापस भेजने का काम करे। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है 25 मई को यहां की जनता कांग्रेस के प्रत्याशी को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस में दिखाकर उन्हें इसी रास्ते से 12 घंटे में मुंबई भेजेगी।

### एक महिला सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

# अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



सेंट्रल थाना प्रभारी कृष्ण कुमार की टीम ने अश्लील वीडियो बनाकर हनीट्रैप में फंसाने और ब्लैकमेल करके पैसे हड़पने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में संतोष कुमार उर्फ संजू तथा छाया का नाम शामिल है। आरोपी संतोष बल्लभगढ़ की विष्णु कॉलोनी का रहने वाला है । एक व्यक्ति ने सेंट्रल थाने में आकर शिकायत दी जिसमें उसने बताया कि उसकी मुलाकात छाया के साथ करीब 8 महीने पहले हुई थी जो सेक्टर 12 स्थित एल्डेको मॉल में क्रिस्टल स्पा में काम करती है। महिला उस व्यक्ति को सपा सेंटर में बुलाती थी और वेलकम ड्रिंक के नाम पर उसे एक पेय पदार्थ दिया जाता था जिसे पीने के बाद व्यक्ति को नशा हो जाता था। एक दिन आरोपी छाया ने उसे अपनी और उस व्यक्ति की अश्लील वीडियो दिखाई और आरोपी संतोष के साथ मिलकर उसे ब्लैकमेल करने लगी। आरोपियों ने उससे पैसों की मांग की और पैसे न देने की सूरत में अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी दी।

इसके बाद आरोपियों ने उस व्यक्ति को ब्लैकमेल कर कुल 13 लाख रुपए, सोने की चेन, वाशिंग मशीन, मोबाइल व अन्य सामान लेते रहे। 14 मई को आरोपियों ने फिर से पीड़ित को ब्लैकमेल किया और उसे 13 लाख रुपए ओर देने की मांग की, जिसपर उस व्यक्ति ने तंग आकर पुलिस को इसकी सूचना दी । पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सेक्टर 12 टाउन पार्क में 80 हजार रुपए लेते हुए दोनों आरोपियों को मौके से काबू कर लिया।

### 6 तोला जेवरात व 50 हजार रुपए बरामद

# 4 लाख रुपए के आभूषण चोरी मामले में 3 लोग किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



अपराध शाखा डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप कुमार की टीम ने चोरी के मामले में 3 को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में कुलदीप, सुनीता तथा रितु का नाम शामिल है। अप्रैल में पल्ला थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपी कुलदीप ने आइटीबीपी में तैनात एक जवान के मकान में रात के समय घर का ताला तोड़कर उसमें से करीब 6 तोले जेवरात चोरी किए थे जिनकी कीमत लगभग 4 लाख रुपए थी। क्राइम ब्रांच ने वारदात के मुख्य आरोपी कुलदीप को पल्ला थाना के एक बाइक चोरी के अन्य मुकदमे में 14 मई को गिरफ्तार किया था। आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर पूछताछ की गई , जिसमें उसने जेवरात चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

### देश के विकास के लिए

# महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक व अखिल भारतीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश कुमार ने कहा कि देश के विकास के लिए महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना जरुरी है। महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना उनके पूरे भविष्य को तय करता है।

राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के संयोजक व भारत तिब्बत सहयोग मंच के संस्थापक इंद्रेश कुमार गुरुग्राम में नेहा फाउंडेशन की अध्यक्ष नेहा शालिनी दुआ के निवास पर चाय पर चर्चा कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर महेश दुआ व विकास दुआ भी शामिल थे। इंद्रेश कुमार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम कर रही नेहा फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि अन्य संस्थाओं को भी इस तरह आगे आना होगा।

*खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की छापेमारी*

# ब्रांडेड कंपनियों की एक्सपायरी बिस्कुट, चॉकलेट की खेप पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



मोदीनगर की गोविंदपुरी छोटी मार्केट में खाद्य एवं सुरक्षा विभाग ने शुक्रवार को एक कारोबारी के छापेमारी की। जहां से कई नामचीन कंपनियों के एक्सपायर बिस्कुट, चॉकलेट की खेप पकड़ी गई है। जिसकी कीमत करीब डेढ़ लाख बताई जा रही है।

20 दिनों के भीतर दोबारा एक्सपायर सामान की खेप पकड़ी गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने एक्सपायर स्टॉक के बारे में कारोबारी कोई संतोष जनक जानकारी नहीं दे सका। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एक्सपायर्ड खेप को प्रतिबंधित कर कारोबारी को नोटिस जारी किया है। मोदीनगर में बीस दिन में दूसरी बार एक्सपायरी सामान पकड़ा गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी मीरा सिंह ने बताया कि एक्सपायर्ड सामान बाजार में बेचे जाने की जानकारी मिल रही थी। गोविंदपुरी छोटी मार्केट में सचदेवा ट्रेडर्स के गोदाम और दुकान में छापेमारी की गई। जहां चॉकलेट, बिस्कुट, हेल्थ प्रोडक्ट व कोल्ड ड्रिंक की एक्सपायर्ड खेप मिली। चार साल पहले एक्सपायर हो चुका सामान भी बरामद हुआ। आशंका जताई गई एक्सपायर सामान बाजार में बेचा जा रहा था। उन्होंने बताया कि कारोबारी हिमांशु सचदेवा ने एक्सपायर्ड सामान के बारे में संतोषजनक जबाव नहीं दिया। उनके अनुसार करीब दो लाख रुपए कीमत की कोल्ड ड्रिंक , डेढ़ लाख रुपए से अधिक कीमत के बिस्कुट, चॉकलेट व अन्य सामान गोदाम व दुकान पर रखा था। उन्होंने बताया कि अप्रैल में भी एक्सपायरी सामान पकड़ी गई थी।

### घर में पति-पत्नी मृत मिले, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

# पत्नी की लाश बेड पर तो पति की लाश फंदे से लटकी मिली, लोनी में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



थाना अंकुर विहार क्षेत्र की शंकर विहार कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर का उस समय हड़कंप मच गया जब पति और पत्नी की लाश बरामद हुई। पत्नी की लाश बेड के ऊपर थी, जबकि पति की लाश फंदे से लटकी मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाशों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच पड़ताल में युवक ने किसी विवाद के चलते पहले पत्नी की हत्या कर दी और बाद में फांसी के फंदे पर झूल गया हो। पुलिस मामले की हर संभावित बिंदु पर गहराई से जांच कर रही है। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि मूल रूप से एटा गांव गादूरी में रहने वाले श्याम (28) अपनी पत्नी प्रिया (25)और बेटी कृष्ण के साथ लोनी के शंकर विहार कॉलोनी में रहते थे। वह करावल नगर दिल्ली में एक दुकान पर काम करते थे जबकि प्रिया नोएडा की एक कंपनी में नौकरी करती थी। परिजनों ने बताया कि दोनों में कई दिनों से विवाद चल रहा था। पत्नी के कहीं और नौकरी करने से घर में विवाद हो रहा था। आज पत्नी प्रिया (25) की लाश बेड के ऊपर और पति श्याम (28) की लाश फंदे से झूलती मिली। घटना की जानकारी उस समय लगी जब श्याम का भाई जब घर पहुंचा। उसने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी।

### नगीना जिले से आ रही थी बस, 26 यात्री सवार थे

*सूचना मिलते ही 108 सेवा की तीन एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई*

# हज यात्रियों को दिल्ली एयरपोर्ट छोड़ने जा रही मिनी बस सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गई, 14 घायल

एम्बुलेंस सेवा के मैनेजर ने बताया, घायलों का नजदीक के अस्पताल सीएचसी मोदीनगर वी सीएससी डासना में भर्ती कराया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार की तड़के साढ़े तीन बजे हज यात्रियों को अंतराष्ट्रीय बस अड्डा दिल्ली छोड़ने जा रही एक बस सड़क के किनारे खड़ी एक ट्रक से टकरा गई। जिससे बस में सवार 14 लोग घायल हो गए। इनमें दो हज यात्री भी थे। जिन्हें प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद किसी तरह एयरपोर्ट पहुंचाया गया। बस नगीना जिले से आ रही थी। हादसा हवा हवाई रेस्टोरेंट से करीब तीन किलोमीटर पहले हुआ।

पुलिस ने प्रवक्ता ने बताया कि ग्राम जीतपुर तहसील नगीना जनपद बिजनौर से मोहम्मद शमीम व नईमा खातून को दिल्ली एयरपोर्ट छोड़ने के लिए एक मिनी बस जैसे ही बस जा रही थी। बस में कुल 26 लोग सवार थे। जैसे ही बस हवाई रेस्टोरेंट से करीब तीन किलोमीटर पहले पहुंची तो सड़क किनारे खड़े एक ट्रक टकरा गई। जिसमें 14 लोग घायल हो गए।

घायलों में बस चालक जाहिद, इदरीस, सबीना, अजीम, मेनुजिदीन को सीएचसी मोदीनगर में तथा नहीना, सलीम, आरिफ, वारिस, तस्लीम, सलीम, अजीम व इस्तिकार को सीएससी डासना में भर्ती कराया गया। मामले की सूचना मिलते ही 108 सेवा की तीन एंबुलेंस मौके पर पहुंच गईं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में यह सभी यात्री रहे थे। एंबुलेंस सेवा के प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंह ने बताया की रात 3.30 पर बस का एक्सीडेंट होने की सूचना प्राप्त हुई। तुरंत ही मौके पर 108 सेवा की तीन एंबुलेंस भेजी गईं। साथ ही सभी यात्रियों को नजदीक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## खबर संक्षेप

### सूरज के कड़े तेवरों से दिल्ली बेहाल

नई दिल्ली। सूरज के कड़े तेवरों से बेहाल दिल्ली में शुक्रवार इस सीजन के सबसे गर्म दिन के रूप में दर्ज हुआ। प्रादेशिक मौसम विभाग केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार नजफगढ़ में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री दर्ज हुआ। वहीं दिल्ली के कई क्षेत्रों में पारा 46 डिग्री पार रहा। आईएमडी के अनुसार दिल्ली का औसत तापमान अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1 डिग्री कम है। भीषण गर्मी को लेकर आईएमडी ने पहले ही येलो अलर्ट जारी किया था। जबकि अगले दो दिन यानी शनिवार व रविवार को भीषण गर्मी को लेकर आईएमडी ने ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए कहा कि अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है। आईएमडी के अनुसार शुक्रवार को दिल्ली के नजफगढ़ में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री पहुंच गया, जबकि मुंगेशपुर में 46.5 डिग्री, आया नगर 46.2 डिग्री, रिज एरिया में 45.9 डिग्री, पूसा में 45.9 डिग्री, पीतमपुरा में 45.8 डिग्री, जाफरपुर में 45.9 डिग्री दर्ज हुआ।

### कई क्षेत्रों में पीने के पानी के लिए तरस रहे है लोग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक तरफ भीषण गर्मी पड़ रही हैं, वहीं दूसरी तरफ लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। कई जगहों पर लोगों को गत सात आठ दिन से पानी की भारी किल्लत झेलनी पड़ रही है। लोग पानी की किल्लत के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व जल मंत्री आतिशी को कोस रहे है। लोगों का आरोप है कि फ्री बिजली, पानी के नाम पर केवल कागजी कार्रवाई की जा रही है। वास्तव में पीने का पानी नहीं मिल रहा। अनुसार भलस्वा डेयरी क्षेत्र में पीने का पानी कई दिनो से नहीं आ रहा। यहां की नानक कॉलोनी के लोगों का कहना है कि यहां करीब सात आठ दिन से पीने का पानी नहीं आ रहा है। नानक कॉलोनी की ट्रांसफार्मर वाली गली के लोगों की माने तो सात दिन बाद शुक्रवार को सुबह पानी आया, लेकिन गंदा व बदबूदार। लोगों ने सीएम केजरीवाल से पूछा कि क्या वह बताएगें कि अगर इस भीषण गर्मी में आपके घर एक सप्ताह तक पानी न आए तो क्या होगा। स्थानीय निवासी हरनाम का कहना है कि जैसे ही गर्मी बढ़ने लगी पीने के पानी की किल्लत बहुत बढ़ गई है। इसी प्रकार भलस्वा डेयरी के चौधरी सुखबीर भड़ाना ने कहा कि बिजली और पानी ने परेशान करके रख दिया है। पानी नहीं आने से इंसान तो क्या जानवर प्यासे रह रहे है। यहां एक एक डेयरी में दर्जनों मवेशी है।

### मालीवाल की हुई मेडिकल जांच, कोर्ट में बयान भी करवाये गये दर्ज

# स्वाति मालीवाल केस की जांच के लिये मुख्यमंत्री आवास पहुंची फारेंसिक टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ सीएम के निजी सचिव बिभव कुमार द्वारा मारपीट व बदसलूकी करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच तेज कर दी है। गुरुवार आधी रात मालीवाल की एम्स में मेडिकल जांच करवाने के बाद शुक्रवार को दिन में तीस हजारी अदालत में उनके बयान दर्ज करवाये गये। दिल्ली पुलिस मालीवाल के साथ शाम को सीएम आवास पर पहुंची और सीन रिक्रिएट किया। फॉरेंसिक टीम ने भी सीएम आवास पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर कैमरों के फुटेज चैक किये। वहीं केस में आरोपी बनाये गये बिभव कुमार के घर भी पुलिस की एक टीम पहुंची थी लेकिन वह घर पर नहीं मिला।

घटना के तीन दिन बाद गुरुवार को स्वाति ने अपने सरकारी आवास पर पुलिस अधिकारियों को बुलाकर आपबीती बयां की थी। करीब साढ़े चार घंटे तक उन्होंने




- दिल्ली पुलिस ने सीएम आवास पहुंचकर सीन रिक्रिएट किया

पुलिस अधिकारियों को विस्तार से पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी थी। पुलिस ने शिकायत लेकर सिविल लाइंस थाने में केस भी दर्ज कर लिया। इसके बाद मालीवाल को गुरुवार रात एम्स अस्पताल जांच के लिये ले जाया गया। सूत्रों के मुताबिक, आप सांसद मेडिकल चेकअप के बाद सुबह करीब पौने चार बजे एम्स अस्पताल से बाहर निकली। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए स्पेशल सेल और क्राइम ब्रांच की टीमों को लगाया गया है। सूत्रों ने बताया कि बिभव की लोकेशन का पता लगाया जा रहा है। दिल्ली पुलिस की कई टीमें केस की जांच पड़ताल में लगी है।

### घटना के दिन की एक वीडियो क्लिप वायरल

शुक्रवार को एक वीडियो क्लिप भी दिनभर वायरल रही। वीडियो क्लिप सीएम आवास के ड्राइंग रूम की बताई जा रही है। उसमें मालीवाल तेज आवाज में पुलिस को बुलाने और स्टाफ से बहस करती सुनाई पड़ती है।

## पार्टी ने 20 साल पुरानी कार्यकर्ता को भाजपा का एजेंट बता दिया : स्वाति

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के आरोपों के बाद शुक्रवार को आप से ही राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा कि उनकी पार्टी ने कल के आए नेताओं से 20 साल पुरानी कार्यकर्ता को भाजपा का एजेंट बता दिया। दो दिन पहले पार्टी ने प्रैसवार्ता में सब सच कबूल लिया था और आज यूटर्न ले लिया है। स्वाति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर ट्वीट कर कहा कि पार्टी में कल के आए नेताओं से 20 साल पुरानी कार्यकर्ता को भाजपा का एजेंट बता दिया। ये गुंडा पार्टी को धमका रहा है, मैं अरेस्ट हुआ तो सारे राज खोलूंगा। इसलिए लखनऊ से लेकर हर जगह शरण में घूम रहा है। आज उसके दबाव में पार्टी ने हार मान ली और एक गुंडे को बचाने के लिए पूरी पार्टी ने मेरे चरित्र पर सवाल उठाए। कोई बात नहीं, पूरे देश की महिलाओं के लिए अकेले ही लड़ती आई हूं, अपने लिए भी लड़ूंगी। जमकर चरित्र हनन करो, वक़्त आने पर सब सच सामने आएगा!



- कोई बात नहीं, पूरे देश की महिलाओं के लिए अकेले ही लड़ती आई हूं, अपने लिए भी लड़ूंगी। जमकर चरित्र हनन करो, वक़्त आने पर सब सच सामने आएगा

### 'पॉलिटिकल हिटमैन खुद को बचाने की कर रहा है कोशिश'

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास का कथित सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को कहा कि पॉलिटिकल हिटमैन' ने स्वयं को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं।

स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर शुक्रवार को लिखा कि हर बार की तरह इस बार भी इस राजनीतिक हिटमैन ने ख़ुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। अपने लोगों से ट्वीट्स करवा कर, आधी अधूरी बिना संदर्भ की वीडियो चला कर इसे लगता है ये इस अपराध को अंजाम देकर खुद को बचा लेगा। कोई किसी को पीटते हुए वीडियो बनाता है भला? घर के अंदर की और कैमरे की सीसीटीवी फुटेज की जांच होते ही सत्य सबके सामने होगा। जिस हद तक गिर सकता है गिर जा, भगवान सब देख रहा है। एक ना एक दिन सब की सच्चाई दुनिया के सामने आएगी।

## सीएम आवास के बाहर चूड़ियां दिखाते हुए भाजपा महिला मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर स्वाति मालीवाल के साथ हुए दुर्व्यवहार और अपने सहयोगी के बचाव के कारण केजरीवाल के खिलाफ चूड़ियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। यहां महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पाण्डेय मिश्रा ने कहा कि स्वाति मालीवाल के साथ हुए अभद्र दुर्व्यवहार के कारण आज दिल्ली की महिलाएं खुद को सुरक्षित नहीं महसूस कर रही हैं क्योंकि जब मुख्यमंत्री आवास के अंदर अगर एक राज्यसभा सदस्य ही सुरक्षित नहीं है तो घरों में या सड़कों पर महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी अरविंद केजरीवाल कैसे देंगे। उन्होंने कहा कि स्वाति मालीवाल के साथ हुई घटना अरविंद केजरीवाल का कोई पारिवारिक मामला नहीं है



- 'दिल्ली की महिलाएं खुद को नहीं कर रही सुरक्षित महसूस'

बल्कि यह दिल्ली की जागरूक महिला सांसद के साथ अपमान का मुद्दा है। साथ ही यह केजरीवाल सरकार की सच्चाई है क्योंकि लगातार पिछले 10 सालों से अरविंद केजरीवाल दिल्ली की महिलाओं के साथ अपने सहयोगियों द्वारा किए जा रहे अपमान पर चुप्पी साधे हुए हैं।

### भाजपा ने सीएम केजरीवाल को फंसाने के लिए रचा षडयंत्र, स्वाति मालीवाल थी मोहरा : आप

**नई दिल्ली।** जब से अरविंद केजरीवाल को जमानत मिली है और भारतीय जनता पार्टी द्वारा लगाए झूठे केसों से वह तिहाड़ जेल से बाहर आए है तब से भारतीय जनता पार्टी बौखलाई हुई है। इसी बौखलाहट के तहत भाजपा ने एक षडयंत्र रचा। इसी षड्यंत्र के तहत स्वाति मालीवाल को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के घर 13 मई को सुबह भेजा गया। इस षडयंत्र का इरादा अरविंद केजरीवाल पर झूठे आरोप लगाना था। स्वाति मालीवाल इस षड्यंत्र का मोहरा थी। ये बातें शुक्रवार को आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री आतिशी ने पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रैसवार्ता में कही हैं। आतिशी ने प्रैसवार्ता में कहा कि स्वाति 13 मई को बिना अप्वाइंटमेंट लिए सीएम आवास पहुंची। उनका इरादा था कि सीएम पर आरोप लगाया जाए। लेकिन सीएम उस समय वहां उपलब्ध नहीं थे इसलिए वह बच गए। फिर स्वाति ने बिभव कुमार पर आरोप लगाए। आज सीएम आवास के ड्राइंग रूम का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो ने स्वाति मालीवाल के झूठ को पूरे देश के सामने रख दिया है। आतिशी ने दर्ज एफआईआर की प्रति दिखाते हुए कहा कि स्वाति मालीवाल ने अपनी शिकायत में कहा कि उनकी बेरहमी से पिटाई हुई, उनको मुक्के मारे गए, घूंसे मारे गए, उनके सिर पर चोट लगी, पिटाई के बाद दर्द से कराह रही थीं, उनसे बोला नहीं जा रहा था। वह पुलिस से बार-बार कह रही थी कि उन्हें मारा पीटा गया। उन्होंने अपनी शिकायत में लिखा उनका सिर टेबल पर लगा और सिर फट गया। उन्होंने शिकायत में कहा कि उनके कपड़े फाड़े गए। उनकी शर्ट के बटन तोड़े गए। लेकिन आज जो वीडियो सामने आया है वह इसके विपरीत सच्चाई को दिखाता है। इस वीडियो में स्वाति ड्राइंग रूम में बहुत आराम से बैठी हैं।

### स्वाति मालीवाल से मारपीट के दोषी विभव कुमार को पंजाब में छुपा सकते हैं सीएम केजरीवाल : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने सहायक और स्वाति मालीवाल से मारपीट के दोषी विभव कुमार को पंजाब में छुपा सकते हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार को यह आरोप लगाते हुए उक्त बयान जारी किया है। सचदेवा ने अरविंद केजरीवाल को चुनौती दी है कि अगर उनमे अंश भर भी नैतिकता शेष है तो वह खुद आगे आ कर विभव कुमार को पुलिस को सौंपे। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की मुश्किल यह है कि विभव कुमार उनके भ्रष्टाचार एवं निजी जीवन के राजदार हैं और विभव को बचाना उनकी मजबूरी है।

### पुस्तकालय के बिना छात्र का ज्ञान अधूरा : कुलपति

नई दिल्ली। किसी भी संस्थान में अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस अध्ययन कक्ष एवं पुस्तकालय एक महत्वपूर्ण संसाधन है, पुस्तकालय के बिना छात्र का ज्ञान अधूरा है। दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर में डॉ. एस. आर. रंगनाथन के नाम पर आधुनिक सुविधाओं से लैस अध्ययन कक्ष के उद्घाटन अवसर पर कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह ने गुरूवार को अपने संबोधन में उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास पुस्तकालय के माध्यम से ही होता है।



उन्होंने बताया कि नई डिजिटल पुस्तकालय के खुलने से ऐसे लोगों को अवसर मिलेगा जो इस विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं या करके चले गए और अब वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, वे इस अध्ययन कक्ष में बैठकर अध्ययन कर सकेंगे। वहीं, पुस्तकालय विज्ञान विभाग के प्रोफेसर के.पी. सिंह ने कहा कि पुस्तकालय एक ऐसी संस्था है जिसके माध्यम से छात्रों को सूचना और संसाधनों को सभी तक पहुंचाना है। पुस्तकें छात्र को पढ़ने के लिए तैयार करती है जिससे ज्ञान का विकास होता है, पुस्तकों के बिना छात्रों का कोई अस्तित्व नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार डीयू के पूर्व छात्रों ने आधुनिक सुविधाओं से लैस अध्ययन कक्ष एवं पुस्तकालय विकसित कराया है। यह उत्तरी परिसर में आधुनिक सुविधाओं से लैस अध्ययन कक्ष एवं पुस्तकालय है जो पूरी तरह से डिजिटल होगी।

### मच्छर जनित बीमारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सामुदायिक भागीदारी महत्वपूर्ण : एमसीडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू और इसकी रोकथाम के तरीकों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए राष्ट्रीय डेंगू दिवस-2024 मनाया। दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि मच्छर जनित बीमारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सामुदायिक भागीदारी एक महत्वपूर्ण रास्ता है। सामुदायिक भागीदारी के बिना डेंगू की रोकथाम, नियंत्रण और उन्मूलन संभव नहीं है। वहीं, जन स्वास्थ्य विभाग के सभी 12 जोनों ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस को मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए हैं। कुल 88 मच्छरों के प्रजनन पाए गए और उन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। 70 कानूनी नोटिस और 27 अभियोजन शुरू किए गए हैं। दिल्ली नगर निगम मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम व बचाव के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है।








# फिल्म श्रीकांत को देख गदगद हुए अक्षय

**मुंबई।** बीते शुक्रवार को राजकुमार राव की बहुचर्चित फिल्म श्रीकांत को बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया है। आज इसे एक सप्ताह का वक्त गुजर गया है और फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए आगे बढ़ रही है। इस बीच अभिनेता अक्षय कुमार ने भी श्रीकांत को देखकर सोशल मीडिया पर इसका रिव्यू किया है। सिर्फ इतना ही नहीं वेलकम 3 कलाकार ने राजकुमार राव को एक्टिंग क्लास शुरू करने की सलाह दे डाली है। आइए एक नजर अक्की के इस लेटेस्ट पोस्ट पर डालते हैं। अक्षय कुमार फिल्म श्रीकांत को देखने के बाद अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट स्टोरी को शेयर किया है।

लाइफ Style

# रश्मिका

## अटल सेतु वीडियो की पीएम मोदी ने की तारीफ



नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना सिर्फ साउथ सिनेमा का ही नहीं, अब हिंदी दर्शकों के बीच भी काफी लोकप्रिय हो चुकी हैं। रश्मिका पिछले कुछ सालों में कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों का हिस्सा रहीं। वह आखिरी बार रणबीर कपूर स्टारर ब्लॉकबस्टर 'एनिमल' में नजर आई थीं। अब रश्मिका अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पाः द रूल में दिखाई देंगी। इस बीच अभिनेत्री का एक वीडियो सुर्खियों में है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस वीडियो में रश्मिका मंदाना अटल सेतु पुल की तारीफ करती नजर आ रही हैं। वीडियो पर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने रश्मिका के पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेत्री की तारीफ की है और वीडियो को संतोषजनक बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रश्मिका मंदाना का वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि लोगों को जोड़ने और उनके जीवन को बेहतर बनाने से उन्हें संतोष मिलता है।


वीडियो में रश्मिका हाल ही में बने मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक पर नजर आ रही हैं। हार्बर लिंक को अटल सेतु नाम दिया गया है। रश्मिका इस वीडियो में अटल सेतु की तारीफ कर रही हैं। वह कहती हैं- जहां लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने में 2 घंटे लगते थे, वहां अब वे सिर्फ 20 मिनट में पहुंच सकते हैं। रश्मिका मंदाना के इस वीडियो और पोस्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिएक्शन देते हुए लिखा,"बिलकुल! लोगों को जोड़ने और जीवन को बेहतर बनाने से ज्यादा संतोषजनक कुछ भी नहीं।" वीडियो में रश्मिका मंदाना ने अपने एक्स हैंडल पर ये वीडियो शेयर किया था। वीडियो में वह अटल सेतु पुल की तारीफ करती नजर आ रही हैं। पुल की खूबी बताते हुए उन्होंने ये भी कहा कि समुद्र पर बना ये सबसे लंबा पुल है, जो 22 किलोमीटर का है।

हॉलीवुड मसाला



# जेनिफर लोपेज की चौथी शादी टूटी

**लॉस एंजिलिस।** जेनिफर लोपेज हॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेज में गिनी जाती हैं। अभिनेत्री ने अपनी जिंदगी में चार शादियां की हैं। तीन शादी टूटने के बाद अब खबर आ रही है कि जेनिफर चौथे पति बेन एफ्लेक से भी अलग हो गई हैं। जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक की शादी में काफी समय से तनाव की खबरें आ रही थीं। कहा जा रहा था कि बेन ने जेनिफर का घर भी छोड़ दिया है। अब लेटेस्ट खबर आ रही है कि दोनों तलाक लेने जा रहे हैं। एक सोर्स के हवाले से पता चला है, बेन एफ्लेक का जेनिफर लोपेज के साथ ब्रेकअप हो गया है और वह जेनिफर के साथ जिस घर में रह रहे थे, वहां से चले गये हैं।




# प्रैट के बॉडी डबल बने टोनी मैकफार नहीं रहे

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकन एक्टर और प्रोड्यूसर क्रिस प्रैट पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। गार्डियन ऑफ गैलेक्सी और जुरासिक वर्ल्ड जैसी फिल्मों में क्रिस प्रैट के बॉडी डबल बने टोनी मैकफार का 13 मई को निधन हो गया। उनकी रहस्यमयी मौत की वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्टर की उम्र महज 47 साल की थी। उनके निधन की खबर ने क्रिस प्रैट को बुरी तरह से तोड़ दिया है। उन्होंने बॉडी डबल टोनी के निधन के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की है। टोनी मैकफार के निधन की खबर की जानकारी खुद उनकी मां ने शेयर की है। उनकी मां डोना ने बातचीत करते हुए बताया है कि उनके बेटे का आकस्मिक निधन हो गया है। हॉलीवुड के स्टंट मैन को अपने घर ओरलैंडो के बाहर 13 मई को बेहोश पाया गया था।



# कटरीना बनीं विक्की कौशल की फोटोग्राफर

**मुंबई।** विक्की कौशल और कटरीना कैफ बॉलीवुड के पावर कपल्स में गिने जाते हैं। बीते दिन एक्टर ने अपना 36वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। ऐसे में फैंस विक्की कौशल और कटरीना कैफ के बर्थडे सेलिब्रेशन की फोटोज का इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो गया है। एक्ट्रेस ने सेलिब्रेशन की अनदेखी फोटोज शेयर की है। विक्की कौशल के बर्थडे पर कटरीना कैफ उनकी फोटोग्राफर बनीं। एक्ट्रेस ने पति की कई सारी कैंडिड फोटो क्लिक की, जो उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट भी की है। इन तस्वीरों ने ही कटरीना कैफ का राज खोल दिया है कि वो विक्की कौशल के लिए पर्सनल फोटोग्राफर बन गई हैं। फैंस दोनों के इस रोमांस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। कटरीना कैफ ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर विक्की कौशल की तीन फोटो शेयर की है।



# कार्तिक के परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर में 13 मई को खराब मौसम की वजह से एक बड़ा हादसा हो गया। अचानक आए आंधी-तूफान और तेज बारिश से घाटकोपर के छेदा नगर में एक बड़ा सा होर्डिंग पेट्रोल पंप पर गिरा था। इस हादसे में 16 लोगों की जान चली गई। अब खबर है कि बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन के मामा-मामी भी इस हादसे का शिकार हो गए और दोनों की जान चली गई। मुंबई होर्डिंग हादसे में 74 लोग घायल हो गए। बुधवार को घटानस्थल से दो शवों को निकाला गया। मृतक की शिनाख्त रिटायर्ड एअर ट्रैफिक कंट्रोल के जनरल मैनेजर मनोज चनसोरिया और उनकी पत्नी अनीता के तौर पर हुई थी. ये दोनों कार्तिक आर्यन के मामा-मामी थे। कार्तिक आर्यम गुरुवार को इनके अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे थे।

टीवी मसाला

# 'मेरा हर लड़के पर दिल आ जाता है...' ईशा मालवीय



मुंबई। ईशा मालवीय सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस सीजन 17' की सबसे पॉपुलर कंटेस्टेंट रही हैं। शो में ईशा ने अपने लव एंगल को लेकर खूब सुर्खियां बटोरीं। पहले वह एक्स ब्वॉयफ्रेंड अभिषेक कुमार के साथ लड़ाइयों के लिए लाइमलाइट में रहीं, फिर ब्वॉयफ्रेंड समर्थ जुरेल के साथ रोमांस को लेकर उन्होंने सभी का ध्यान खींचा। समर्थ जुरेल और ईशा मालवीय बिग बॉस के घर में अपने रोमांस से हर किसी को हैरान कर दिया था। हालांकि, शो खत्म होते ही दोनों के रास्ते अलग हो गये। सलमान खान का शो खत्म होते ही यूजर्स कयास लगा रहे थे कि दोनों अलग हो चुके हैं। हालांकि, बाद में खुद समर्थ ने ही ब्रेकअप पर मुहर लगा दी। ब्रेकअप की पुष्टि के बाद ईशा को जमकर ट्रोल किया जा रहा था। अब एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है।

# 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' नहीं हो रहा ऑफ एयर

**मुंबई।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा इन दिनों लगातार अपने कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' को लेकर खबरों में बने हुए हैं। इस बार कपिल अपना शो टीवी की जगह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर लेकर आए। शो को लेकर दर्शक काफी एक्साइटेड थे क्योंकि कई सालों के सुनील ग्रोवर और कपिल शर्मा की जोड़ी एक बार फिर साथ नजर आई। ऐसे में अब शो के ऑफ एयर होने की खबरों ने फैंस को बेचैन कर दिया हे। खबर के मुताबिक, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' बंद नहीं हो रहा है। कृष्णा अभिषेक ने बताया, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' टीम ने सीजन एक खत्म कर दिया है क्योंकि वे कॉन्ट्रैक्ट से बंधे थे। केवल सीजन 1 के लिए कॉन्ट्रैक्ट खत्म हुआ है। शो बंद नहीं हो रहा है।' कृष्णा की इस बात से साफ है कि दर्शकों को अब निराश होने की नहीं, बल्कि बस थोड़ा इंतजार करने की जरूरत है।





# कांस में फिर चला ऐश्वर्या राय की नीली आंखों का जादू

मुंबई। साल 2002 से लगातार भारत को कांस के विदेशी मंच पर रिप्रेजेंट करने वाली भारतीय एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय अपनी अदाओं और खूबसूरती से लोगों का दिल जीतती आई हैं। वो अपने स्टाइल, आउटफिट और अपने विनम्र भाव से सभी को कायल कर देती हैं। एक्ट्रेस एक बार फिर कांस 2024 का हिस्सा बनी हैं। बीते दिन एक्ट्रेस जैसे ही पहुंचीं उनका भव्य स्वागत हुआ और इसके बाद से बस उन्हीं के चर्चे हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर ऐश्वर्या राय छाई हुई हैं। इस खास मौके पर उनके साथ उनकी बेटी आराध्या बचपन भी उनको सपोर्ट करने पहुंची हैं। कांस 2024 से उनका पहला लुक भी सामने आ गया है। इस लुक में एक्ट्रेस बला की खूबसूरत लग रही हैं। ऐश्वर्या राय ने ब्लैक, व्हाइट और गोल्ड के काम्बिनेशन में हैवी ट्रेल गाउन कैरी किया है। इस गाउन पर गोल्ड फॉइल वर्क का काम है और व्हाइट स्टेटमेंट स्लीव्स हैं। साथ ही एक लंबी ट्रेल भी है, जिस पर गोल्डन फ्लावर पैच हैं। इस पूरे लुक को एक्ट्रेस ने बड़े गोल्ड हूप्स, मैसी हेयर्स और मिनिमल मेकअप के साथ कंप्लीट किया है। ऐश्वर्या राय का ये लुक इस वक्त खूब चर्चा में हैं और सोशल मीडिया पर छाया हुआ है।

# जुगल हंसराज का खतरनाक लुक आउट

मुंबई। यशराज बैनर तले बनी कल्ट फिल्म मोहब्बतें फैंस की फेवरेट मानी जाती है। इस मूवी में शाह रुख खान, अमिताभ बच्चन और ऐश्वर्या सहित कई नए कलाकारों ने काम किया था। उनमें से एक जुगल हंसराज भी रहे, जो छोटी सी उम्र से हिंदी सिनेमा में एक्टिव हैं।मोहब्बतें में चॉकलेटी ब्वॉय की इमेज को लेकर जुगल का नाम काफी पॉपुलर हुआ था। हालांकि इसके बाद वह एक्टिंग की दुनिया से कुछ समय के लिए दूरी बना ली थी। लेकिन अब वह कमबैक के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और उनकी अपकमिंग थ्रिलर वेब सीरीज से फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है, जिसकी वजह से उसे पहचान पाना मुश्किल हो रहा है। जुगल हंसराज का नाम अपने दौर के सबसे चार्मिंग अभिनेताओं में से एक रहे हैं। हालांकि उम्र के बढ़ते बढ़ाव से उनका लुक अब बदल गया। लेकिन उससे कहीं गुना उनका रूप अपकमिंग थ्रिलर वेब सीरीज में बदला हुआ दिख रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म लायन्सगेट इंडिया की एक तरफ से जुगल का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया गया है।





# फिल्म प्रमोशन में नेपोटिज्म पर किया मजाक : जाह्नवी

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव और एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म प्रमोशन के लिए हुए एक इंटरव्यू के दौरान राजकुमार राव ने जाह्नवी कपूर पर नेपोटिज्म को लेकर मजेदार अंदाज में तंज कसा। दरअसल, पहले जाह्नवी कपूर ने नेपोटिज्म को लेकर मजाक किया, उसके बाद एक्टर राजकुमार राव ने उनपर तंज कसा। एक इंटरव्यू के दौरान जाह्नवी कपूर ने नेपोटिज्म को लेकर बात शुरू की। उन्होंने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए बताया कि स्कूल में उन्हें कोरस का हिस्सा बनाया गया था, लेकिन वो अच्छा गा नहीं पाती थीं तो उनके सामने का माइक बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि एक महिला ने कहा था कि जाह्नवी के सामने वाला माइक ऑफ कर दो। जाह्नवी के साथ हुए इस किस्से को सुनकर राजकुमार राव ने कहा, "रखा क्यों बेचारी को फिर? मना कर देते। इसके बाद जाह्नवी ने मजाकिया अंदाज में कहा, नेपोटिज्म अफकोर्स, इसलिए तो रखा था मुझे कोरस में। जैसे ही जाह्नवी ने नेपोटिज्म के बारे में बोला, राजकुमार राव ने कहा कि फिर तो ठीक है। फिर तो काश जिंदगी में हम भी बहुत सारे माइक ऑफ कर पाते। जाह्नवी राजकुमार राव की बात सुनकर चौंक गईं और तुरंत उनसे पूछा कि क्या ये उनके लिए टॉन्ट था।

# रातों की नींद उड़ा देंगी ये हॉरर वेब सीरीज

**मुंबई।** अगर आपको डर एक्सपीरियंस करना पसंद है। सिहर जाना पसंद है। रातों की नींद उड़ाना पसंद है तो ये आर्टिकल आपके लिए ही है। इस आर्टिकल में हम आपको सात ऐसी वेब सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं जो हिंदी में ओटीटी पर मौजूद हैं और जिनकी आईएमडीबी रेटिंग सात से ऊपर है। इनकी स्टोरीलाइन शानदार है और कॉन्सेप्ट बेहद खतरनाक है। इन सात हॉरर वेब सीरीज के नाम बताने से पहले हम आपको वॉर्निंग देना चाहते हैं। अगर आपको बहुत ज्यादा डर लगता है, लेकिन डरावनी वेब सीरीज देखना पसंद है तो आप अकेले ये वेब सीरीज न देखें। वीकेंड पर अपने दोस्तों या फिर परिवार के किसी सदस्य के साथ इन वेब सीरीज के एपिसोड्स को बिंज वॉच करें।

## आईएमडीबी पर 7 से ऊपर है इनकी रेटिंग




### घोल

आईएमडीबी रेटिंगः 7.0/10
कलाकारः राधिका आप्टे, मानव कौल, रोहित पाठक

### अनकही अनसुनि

आईएमडीबी रेटिंगः 7.3/10
कलाकारः वीभा आनंद, आत्म प्रकाश मिश्रा, अरविंद जांगिड़, अभि शर्मा
कहां देखेंः डिज्नी+हॉटस्टार




### डार्क

आईएमडीबी रेटिंगः 8.7/10
कलाकारः लुई हॉफमैन, कैरोलिन आइचोर्न, लिसा विकारी

### द हॉन्टिंग ऑफ हिल हाउस

आईएमडीबी रेटिंगः 8.5/10
कलाकारः माइकल हुइसमैन,कार्ला गुगिनो, हेनरी थॉमस



**शैतान हवेली :** आईएमडीबी रेटिंगः 7.2/10
कलाकारः वरुण ठाकुर, भूपेश सिंह, जाहिद अली
कहां देखेंः अमेजन प्राइम वीडियो

### रात अकेली है

आईएमडीबी रेटिंगः 7.2/10
कलाकारः आशीष छीपा, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, राधिका आप्टे




### 13 बी

आईएमडीबी रेटिंगः 7.3/10
कलाकारः माधवन, नीतू चंद्रा, पूनम ढिल्लों
कहां देखेंः डिज्नी प्लस हॉटस्टार



## खबर संक्षेप

### 15 जून से 600 होमगार्ड संभालेंगे रांची का ट्रैफिक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आर मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में रांची की लचर



यातायात व्यवस्था में सुधार करने के लिए दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान गृह विभाग की ओर से बताया गया कि राजधानी रांची में यातायात व्यवस्था होमगार्ड के जवानों को सौंपी जाएगी। 15 जून से उन्हें यह जिम्मेदारी दी जाएगी। सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव राज ने अदालत को बताया कि 15 जून से 600 होमगार्ड के जवानों को यातायात व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी।

### सभासदों व ठेकेदार बीच सरेआम चली थप्पड़बाजी

**मुरादाबाद।** नगर पंचायत पाकबड़ा में सड़क निर्माण में घटिया सामग्री को लेकर सभासदों



और ठेकदार के बीच जमकर मारपीट हो गई। नगर के पुराने थाने के पीछे वार्ड संख्या तीन में सड़क निर्माण का काम कर चल रहा था। शुक्रवार सुबह नगर पंचायत के आधा दर्जन सभासद इसे देखने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने सड़क निर्माण पर घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाया। इसके बाद ठेकदार भड़क गया। आरोप है कि उसने सभासदों के साथ गाली गलौच की। बाद में दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई।

### जहर देकर की गई थी दानिश की हत्या

**शाहजहांपुर।** यहां मीरानपुर थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर खैरपुर निवासी दानिश हुसैन की जहर दकर हत्या



की गई थी। पुलिस को विसरा रिपोर्ट मिलने के बाद इसकी पुष्टि हो गई है। दूसरी ओर पीड़ित परिवार ने आरोपियों की नौ महीने बाद भी गिरफ्तारी न होने पर आईजी व एसपी से पत्राचार किया है। 5 अगस्त 2023 को दानिश हुसैन को रंजिशन कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ दिया गया था। उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मृतक के भाई तालिब की तहरीर पर पूर्व प्रधान ताहिर कुरैशी, शफायत उल्ला , फिरासत, रियासत व रफी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

## सुशील मोदी के निधन के बाद उनके परिजन से मिलेंगे

# पीएम मोदी 20 मई को पटना में रात रुकेंगे, 21 को सीवान व महाराजगंज में दो रैलियों को करेंगे संबोधित

एजेंसी ▶▶ पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 मई को पटना में रात रुकेंगे और 21 मई को सीवान/महाराजगंज और पूर्वी चंपारण में रैली करेंगे। अमित शाह की भी 19 मई को बेतिया में चुनावी रैली प्रस्तावित है।

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर दो दिवसीय बिहार दौरे पर आ रहे हैं। पटना में 20 मई को उनके रात रुकने का कार्यक्रम है। इसके बाद 21 मई को वे पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी के निधन के बाद उनके परिजन से मिलेंगे।

फिर सीवान और महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र की सीमा पर गोरियाकोठी में उनकी रैली होगी। इसी दिन वे दूसरी रैली पूर्वी चंपारण में करेंगे। इसके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भी आगामी बिहार दौरा तय हो गया है। शाह 19 मई को बेतिया में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे।



### लोकसभा चुनाव घोषित होने के बाद पीएम का बिहार का सातवां दौरा

लोकसभा चुनाव 2024 का कार्यक्रम घोषित होने के बाद पीएम मोदी का यह सातवां बिहार दौरा होगा। 21 मई को दो रैलियां कर प्रधानमंत्री तीन लोकसभा सीटों को साधेंगे। पहली रैली में वह सीवान से जेडीयू प्रत्याशी विजयलक्ष्मी कुशवाहा और महाराजगंज से बीजेपी कैंडिडेट जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के लिए वोट मांगेंगें। वहीं, दूसरी जनसभा में वह पूर्वी चंपारण लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी राधा मोहन सिंह के समर्थन में प्रचार करते हुए नजर आएंगे।

### अमित शाह की 19 मई को बेतिया में रैली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का भी 19 मई को बेतिया में रमणा मैदान में दोपहर सवा तीन बजे चुनावी जनसभा होगी। वे पश्चिम चंपारण लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय जायसवाल के समर्थन में रैली करेंगे।

### राजभवन में रात्रि विश्राम होगा

*बिहार के भाजपा नेताओं ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 मई को रात में पटना पहुंचेंगे। राजभवन में ही उनका रात्रिविश्राम होगा। इसके बाद सुशील मोदी के परिजन से मिलकर वे चुनावी रैलियों के लिए रवाना हो जाएंगे। इससे पहले 12 मई को पीएम मोदी ने पटना में रोड शो करके राजभवन में ही रात्रि विश्राम किया था। अगले दिन उन्होंने छपरा, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया था।*

## अयोध्या में विपक्ष पर सीएम योगी आदित्यनाथ का हमला

# चौथे चरण में आते-आते देश में राम भक्त व रामद्रोही में बंटा गया है चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या की फैजाबाद लोकसभा सीट पर चुनावी सभा को संबोधित किया। सीएम योगी ने राम मंदिर के मुद्दे पर विपक्ष पर जोरदार हमला किया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या की फैजाबाद संसदीय सीट में जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से केंद्र सरकार की योजनाओं की सराहना की। इस दौरान सीएम योगी ने विपक्ष को रामद्रोही बताते हुए जोरदार निशाना साधा है।

सीएम योगी ने कहा कि रामद्रोही लोग ही हैं जो बोलते हैं राम मंदिर बेकार बना है। सीएम योगी ने मंच से फैजाबाद सीट से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के पक्ष में जनता से वोट देने की अपील की। अयोध्या में सीएम योगी ने कहा कि देश के अंदर अभी तीन चरण में चुनाव बाकी है। सीएम योगी ने मंच से भाजपा के 400 पार नारे को बुलंद किया। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया इस समय अयोध्या आ रही है।

सीएम योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव चौथे चरण में आते-आते पूरे देश में चुनाव रामद्रोही व रामभक्त में बंट गया है। रामद्रोही राम भक्तों पर गोलियां चलाते है। राम द्रोही हमारे रामलला की भूमि पर हमला करने वाले आतंकियों के मुकदमें को वापस लेते हैं। रामद्रोही कहते हैं कि अयोध्या राम मंदिर बेकार बना है।

**खास बातें**

- रामलला की भूमि पर हमला करने वाले आतंकियों के मुकदमें को वापस लेते हैं
- राम भक्त कल्याण सिंह की मृत्यु पर संवेदना व्यक्त नहीं करने गए



### होशियार रहिए, यह लोग अपशकुन करने आए हैं

जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधाते हुए कहा कि जब भी कांग्रेस और सपा मिलते हैं तो कुछ कुछ न अपशकुन होता है। आप लोग होशियार रहिए, यह लोग अपशकुन करने आए हैं।

### जिन लोगों ने पानी के लिए तरसाया था उनकी जमानत जब्त करा दो

सीएम योगी आगे कहा कि रामद्रोही वहीं है जो राम भक्त कल्याण सिंह की मृत्यु पर संवेदना व्यक्त नहीं करते लेकिन माफिया की मौत पर मातम मनाने जाते हैं। सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थी। पूरे प्रदेश को तबाह करके रख दिया था। सीएम योगी ने कहा कि जिन लोगों ने राम के साथ द्रोह किया, अपनी वोट की ताकत से उनकी जमानत जब्त करा दो। सीएम ने कहा कि जिन लोगों ने आपको पानी के लिए तरसाया था उनकी जमानत जब्त करा दो।

### इनकी सरकार बनेगी तो जनता के ऊपर जजिया कर लगाएंगे

उन्होंने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को खून चूसवा की संज्ञा देते हुए कहा कि इनके गठबंधन ने एलान किया है कि जब इनकी सरकार बनेगी तो यह जनता के ऊपर जजिया कर लगाएंगे। जो संपत्ति है, उसको ये जब्त कर लेंगे और फिर अपनी पार्टी के कुछ गुंडे और मवालियों को बांट देंगे लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे।

# न खाएंगे न खाने देंगे कहते थे, सब डकार गए खटाखट खटाखट

एजेंसी ▶▶ रायबरेली

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खटाखट खटाखट वाला भाषण इतना चर्चित हो गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गुरुवार को खटाखट खटाखट बोलने लगे। राहुल गांधी और पीएम मोदी के बाद शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव भी खटाखट खटाखट वाले ट्रैक पर आ गए। अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशान साधते हुए कहा कि दिल्ली वालों ने जब से सुना है इंडिया गठबंधन गरीबों के लिए फैसले करने जा रहे हैं तब से आपके प्रत्याशी (राहुल गांधी) के खटाखट खटाखट की नकल करने



लगे हैं। वह कह रहे हैं कि चुनाव बाद हम लोग विदेश चले जाएंगे। हमारे देश की जनता जागरूक है। वह जानती है कि कुछ साल पहले ही उन्होंने अपने खासमखास लोगों को एक के बाद एक विदेश भेजने का काम किया था। इनके सभी करीबी खटाखट खटाखट विदेश भाग गए।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **परदेशी, पुत्रः** तिलक राज, **पताः** जेएच.न. 115, आउट्रम लेन, जीटीबी नगर, दिल्ली ने **FIR No. 189/18, U/s 33 D.ex. Act, पुलिस थाना मुखर्जी नगर, जिला उत्तर–पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परदेशी,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परदेशी,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **परदेशी,** केस **FIR No. 189/18, U/s 33 D.ex. Act, पुलिस थाना मुखर्जी नगर, जिला उत्तर–पश्चिम, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.07.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**नीति सूरी मिश्रा**
**DP/5793/NW/2024 (Court Matter)** एसी.एम.एम., (उत्तर)/रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



आरती

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दर्शायी गई) जिसका नाम **आरती पुत्री चंदन निवासी ई–175, संजय कालोनी, भाटी माईन्स, नई दिल्ली–110074** जो दिनांक **04.05.2024 को दोपहर करीब 12:30 बजे से** अपने घर से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक एफआईआर नं. **257/2024 दिनांक 04.05.2024 को अन्तर्गत धारा 363 आईपीसी थाना मैदान गढ़ी, नई दिल्ली में** रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस लड़की का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–

**लिंग:** महिला, **आयु:** 17.5 वर्ष, **कद:** 5′ 2″ फीट, **रंग:** गोरा, **पहनावा:** काला व सफेद टॉप, सुनहरे रंग की लैगिंग और पैरों में काले स्लिपर पहने हुए है।

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:–

**थाना प्रभारी**
**वेबसाइट: http://cbi.nic.in** — **थाना: मैदान गढ़ी, नई दिल्ली**
**ई–मेल: cic@cbi.gov.in** — **फोन: 011–26645050**
**टेली. न.: 011-24368638/24368641** — **मोबाइल: 8750870825**
**फैक्स नं.: 011-24368639** — **DP/5547/SD/2024**

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### खुली ई-निविदा सूचना

उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत के राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु **एक पैकेट** खुली **ई-निविदा** आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | **कार्य का विवरण और स्थान :** उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के अधीन टैम्पिंग बैंकों के 17 सेट (सीएसएम/डब्ल्यूएसटी/वीपीआर =05 सेट, यूनिमैट-2एस/3एस =01 सेट, यूनिमैट-4एस/एमपीटी =02 सेट, एमएफआई =04 सेट, सीएसएम/डीयूओ संशोधित प्रकार =02 सेट और पीसीटी/सीआरसीसी =03 सेट) का ओवरहालिंग का कार्य। |
| 2. | **कार्य समाप्त अवधि :** 15 महीने |
| 3. | **अनुमानित लागत :** रुपये 8,94,61,215.00 |
| 4. | **धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) :** रुपये 5,97,300.00 |
| 5. | **निविदा पत्र का मूल्य (ऑनलाइन जमा) :** रु. शून्य |
| 6. | **निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा प्रपत्र दिनांक 17.05.2024 से दिनांक 07.06.2024 तक सायंकाल 15.00 बजे तक रेल वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 07.06.2024 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7. | **निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण :** इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS **(www.ireps.gov.in)** पर दिनांक 24.05.2024 से दिनांक 07.06.2024 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गयी हैं। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। |

**सं.: 1-डब्ल्यू-उ.मु.अभि.-टी.एम.सी.-ला.-टी.बी.-03-24-25 दिनांक: 00.05.2024** **1497/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पेज एक का शेष

### मुझे थप्पड़ मारे...

बिभव कुमार को आरोपी बनाया था। वहीं, आप नेता आतिशी मर्लेना ने कहा कि स्वाति के आरोप भाजपा से प्रेरित हैं। वे भाजपा का मोहरा बन गई हैं। आतिशी ने कहा ...वीडियो से उनका षड्यंत्र बेनकाब हुआ
आप खुलकर सीएम केजरीवाल के पीए बिभव कुमार के समर्थन में आ गई है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने स्वाति मालीवाल को भाजपा की साजिश का हिस्सा बताया।उन्होंने कहा कि जब से सीएम केजरीवाल तिहाड़ से बाहर आए हैं, तब से भाजपा बौखलाई हुई है। इसी वजह से भाजपा ने साजिश रची और स्वाति मालीवाल को सीएम के घर सुबह-सुबह भेजा। इसका इरादा था सीएम केजरीवाल पर झूठे आरोप लगाना। उन्होंने कहा कि स्वाति मालीवाल इस षड्यंत्र का चेहरा थीं। आतिशी ने आगे कहा कि स्वाति मालीवाल 13 मई को बिना अपाइंटमेंट लिए सीएम आवास पहुंचीं, उनका इरादा था कि सीएम पर आरोप लगाए जाएं लेकिन वो उपलब्ध नहीं थे, इसलिए वो बच गए। इसलिए उन्होंने बिभव कुमार पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा किजो वीडियो सामने आया है, उसने उनके षड्यंत्र को बेनकाब कर दिया है। मालीवाल के सभी आरोपों को गलत करार दिया।

**स्वाति मालीवाल ने किया पलटवार**

आम आदमी पार्टी की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद स्वाति मालीवाल ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दो दिन पहले पार्टी ने पीसी में सच कबूल लिया था लेकिन आज यू टर्न ले लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी में कल के आए नेताओं से 20 साल पुरानी कार्यकर्ता को भाजपा का एजेंट बता दिया। ये गुंडा पार्टी को धमका रहा है, मैं अरेस्ट हुआ तो सारे राज खोलूंगा। इसलिए ही लखनऊ से लेकर हर जगह शरण में घूम रहा है। उन्होंने आगे कहा, आज उसके दबाव में पार्टी ने हार मान ली और एक गुंडे को बचाने के लिए पूरी पार्टी से मेरे चरित्र पर सवाल उठाए गए। कोई बात नहीं, पूरे देश की महिलाओं के लिए अकेले ही लड़ती आई हूँ, अपने लिए भी लड़ूंगी। जमकर करैक्टर असैसीनैशन करो, वक़्त आने पर सब सच सामने आएगा!

**बिभव ने भी दर्ज कराई शिकायत, लगाए गंभीर आरोप**

सीएम केजरीवाल के पीए बिभव कुमार ने भी सांसद स्वाति के खिलाफ दिल्ली के सीएम के घर पर ही बदसलूकी और मारपीट करने का आरोप लगाया है। बिभव ने स्वाति के खिलाफ शिकायत में कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के घर में जबरदस्ती प्रवेश किया और सुरक्षा के नियमों को तोड़ा। उन्होंने मुख्यमंत्री के घर में हंगामा किया और जन सेवक के काम में दखलंदाजी की।

### जिस हद तक...

चलाकर इसे लगता है कि ये इस अपराध को अंजाम देकर खुद को बचा लेगा। कोई किसी को पीटते हुए वीडियो बनाता है भला? घर के अंदर की और कमरे की सीसीटीवी फुटेज की जांच होते ही सत्य सबके सामने होगा। जिस हद तक गिर सकता है गिर जा, भगवान सब देख रहा है. एक न एक दिन सब की सच्चाई दुनिया के सामने आएगी।

### स्वाति कहती हैं-...

*से बात करूंगी, अब जो होगा यहीं होगा। मुझे किसी ने हाथ लगाया तो आप लोगों की भी नौकरी खा जाऊंगी।*

*▶▶ दो कर्मचारी उनसे अनुरोध करते हैं- मैडम, हम आपसे अनुरोध कर रहे हैं, हम आपको हंबली रिक्वेस्ट कर रहे हैं।*

*▶▶ स्वाति कहती हैं- मैंने अभी 112 पर कॉल कर दी है। पुलिस को आने दो फिर अब बात होगी।*

*▶▶ कर्मचारी कहता है - पुलिस तो बाहर ही आएगी न, यहां तक नहीं आएगी न?*

*▶▶ स्वाति- अब जो होगा, वहीं होगा।*

*▶▶ कर्मचारी स्वाति से बाहर आने का अनुरोध करते हैं।*

*▶▶ जिसपर स्वाति कहती हैं- फेंक दो उठाकर..आप फेंक दो.. ये गंजा..... वीडियो यहीं खत्म हो जाता है।*

### स्वाति के साथ मारपीट के...

मौजूद थे, तब उनके खास व्यक्ति विभव कुमार एक महिला राज्यसभा सांसद पर हाथ उठाता है, लेकिन इस मुद्दे पर बयान देने का साहस भी अरविंद केजरीवाल नहीं जुटा पा रहे। अरविंद केजरीवाल को सबके सामने आकर इस मुद्दे पर क्षमा मांगनी चाहिए। इस मामले में घटना के अगले दिन 14 मई को आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बयान दिया कि विभव कुमार पर कार्रवाई की जाएगी, मगर आजतक कोई कार्रवाई नहीं हुई। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल उसी बिभव कुमार के साथ लखनऊ में घूमते नजर आए।

### सभी विपक्षी दल...

बात करना असहज लगता है। 10 साल लगातार केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बाद विपक्षी दलों के सामने यह अवसर था कि वे एंटी इन्कम्बेंसी बतलाकार अपनी स्थिति बेहतर बना सकते थे। लेकिन, ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है। वे हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

### उनसे सीधी बात...

इस चुनाव में मोदी सरकार की बात हो रही है। 400 सीट का दावा राजनैतिक दावा है। हालांकि, यह दावा अ-तार्किक नहीं है क्योंकि पिछले चुनाव में भाजपा ने करीब 25 सीटें ज्यादा जीती थीं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए चुनाव के बाद सहानुभूति की लहर में कांग्रेस को 400 से अधिक सीटें मिली थीं, तब राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने थे। लेकिन, सामान्य माहौल में 400 सीटों की बात करना असहज लगता है। 10 साल लगातार केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बाद विपक्षी दलों के सामने यह अवसर था कि वे एंटी इन्कम्बेंसी बतलाकार वे अपनी स्थिति बेहतर बना सकते थे। लेकिन ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है।

**प्रश्न:** चार चरण में 400 सीटों पर चुनाव के बाद क्या स्थिति स्पष्ट है?

**उत्तर:** चुनाव के छह महीने पहले बुनियादी तौर पर अलग रहने वाले विपक्षी दल एक हुए। लेकिन, बनते-बनते ही इसका जो हश्र हुआ कि वो गठबंधन कहीं नहीं है। इसलिए चुनाव में इस गठबंधन को लेकर जो माहौल बनता वो नहीं बना। तीनों चुनावों को देखें तो विपक्षी गठबंधन से भाजपा को कोई नुकसान नहीं हुआ। भाजपा और कांग्रेस की सीधी चुनौती वाली 220 सीटों में से लगभग 95 प्रतिशत सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की। उन सीटों पर 2024 के चुनाव में कोई बड़ा उलटफेर होता नहीं दिखाई दे रहा है।

**प्रश्न:** चुनाव के दौरान केजरीवाल का जेल जाना और बीच चुनाव में जेल से बाहर आना, यह भाजपा को लाभ पहुंचाएगा या नुकसान?

**उत्तर:** केजरीवाल जिस तरह से मुद्दे उठाते हैं, उसे मैं वैकल्पिक राजनीति ही मानता हूं। सारे विपक्षी दल ऐसा कोई मुद्दा नहीं उछाल पाए जिसमें भाजपा डिफेंसिव हो जाए। लेकिन, केजरीवाल ने जेल से बाहर आते ही यह मुद्दा उछाल दिया कि नरेंद्र मोदी के 75 साल पूरे होने पर भाजपा का पीएम कौन? और भाजपा के सारे बड़े नेता डिफेंसिव हो गए और ऑन रिकॉर्ड सभी को यह बोलना पड़ा कि भाजपा के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि 75 साल बाद कौन पीएम रहेगा? यह केजरीवाल की राजनीति है। जेल से निकलने के बाद पहले ही दिन केजरीवाल के सवालों से भाजपा असहज हो गई थी जैसे कि पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं को साइड ट्रैक करने को लेकर जो प्रश्न उन्होंने उठाया था, उसका जवाब भाजपा आज तक नहीं दे सकी।

**प्रश्न:** विपक्षी दल मोदी को तानाशाह करार दे रहे हैं, इस बारे में क्या सोचते हैं?

**उत्तर:** कोई भी राजनैतिक दल जब कोई नैरेटिव गढ़ता है तो उसके पीछे कारण होता है। विपक्षी दलों द्वारा तानाशाह कहने के पीछे उनके ऊपर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के छापे बताए जा रहे हैं। हालांकि, देश में ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है। आपातकाल के दौरान तो ऐसा हुआ ही है।

**प्रश्न:** क्या आप मानते हैं कि विपक्षी दलों के जिन नेताओं खिलाफ कार्रवाई हो रही है वो निर्दोष नहीं हैं?

**उत्तर:** नरेंद्र मोदी के पीएम बनने से पहले ऐसा था कि प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कोई अंगुली नहीं उठाई जाएगी। पीएम मोदी के काल में उन पर हुई कार्रवाई से वे सब पहली बार असहज हुए। यह तो बिलकुल ही नहीं माना जा सकता कि जिनके खिलाफ कार्रवाई हुई है वे निर्दोष हैं। इन लोगों के यहां से जो भी चीजें बरामद हुई हैं उनको देखकर और अदालतों द्वारा दिए गए निर्णय भी यह साबित करते हैं कि ये लोग निर्दोष नहीं हैं। विपक्षी दलों द्वारा यह कहा जाना कि सिर्फ उनके ऊपर कार्रवाई की जा रही है बहुत कन्वेंसिंग नहीं है। यह सही है कि जिन को पहले भाजपा भ्रष्टाचारी कहती थी उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है लेकिन, इससे यह साबित नहीं होता कि जिनके ऊपर कार्रवाई की जा रही है वे गलत नहीं हैं। इसलिए, पीएम मोदी को तानाशाह कहने का आरोप कन्वेंसिंग नहीं लगता।

**प्रश्न:** भाजपा दूसरे दलों के नेताओं को इतना तवज्जो क्यों दे रही है?

**उत्तर:** इस नीति से कोई अच्छा मैसेज भाजपा और उसके कार्यकर्ताओं में नहीं जा रहा होगा। इससे भाजपा को बहुत अधिक कोई राजनैतिक लाभ भी नहीं मिलने वाला। इसके पीछे का कारण विपक्ष को डेजर्ट करना है, विपक्ष की भूमि को बंजर करना है, कमजोर करना है। ताकि प्रत्याशियों को लेने में भी विपक्ष तरस जाए। भाजपा में विपक्ष को लेकर अछूतापन नहीं है। तत्कालीन पीएम स्व. जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के बाद नरेंद्र मोदी ऐसे नेता है जिनके व्यक्तित्व के सामने पार्टी गौण हो गई है। जब वे यह कहते हैं कि मोदी की गारंटी या मोदी सरकार बनाइए इससे यह स्पष्ट भी हो जाता है।

**प्रश्न:** दूसरे दलों के नेताओं के भाजपा में आने से भविष्य में भाजपा को कैसी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है?

**उत्तर:** दूसरे दलों के नेताओं के भाजपा में आने से न सिर्फ भाजपा बल्कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को भी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। आरएसएस की विचारधारा के विरोधी लोग भी भाजपा में आ रहे हैं। तो भविष्य में इसका नुकसान तो भाजपा को जरूर होगा।

**प्रश्न:** क्या राम मंदिर का मुद्दा इस चुनाव में दिख रहा है?

**उत्तर:** 1985 में भाजपा को 2 सीटें कांग्रेस को सहानुभूति की लहर के चलते मिली। 1989 में भाजपा को 85 सीटें मिली। राम मंदिर आंदोलन 90 में आया। 91 के चुनाव में 120 सीटों पर पहुंचे। राम मंदिर पूरा हो गया है, इसलिए अब वह मुद्दा नहीं रहा।

### पतंजलि की 14...

रही है । कंपनियों ने राज्य औषधि लाइसेंसिंग प्राधिकरण के आदेश को चुनौती दी थी। आदेश में कहा गया है कि चूंकि कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया का पालन किए बिना लाइसेंस निलंबित किया गया है, इसलिए समिति इस संबंध में उचित निर्णय के लिए उत्तराखंड सरकार को अपनी रिपोर्ट जमा कर रही है। राज्य औषधि लाइसेंसिंग प्राधिकरण, आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवाओं ने 15 अप्रैल को दोनों कंपनियों द्वारा बनाई जा रहीं 14 दवाइयों के लाइसेंस निलंबित कर दिए थे। जिन दवाइयों के विनिर्माण लाइसेंस निलंबित किए गए थे, उनमें श्वसारी गोल्ड, श्वसारी वटी, ब्रोनचोम, श्वसारी प्रवाही, श्वसारी अवालेह, मुक्ता वटी एक्सट्रा पॉवर, लिपिडोम, बीपी ग्रिट, मधुग्रिट, मधुनाशिनी वटी एक्सट्रा पॉवर, लिवामृत एडवांस, लिवोग्रिट, आईग्रिट गोल्ड और पतंजलि दृष्टि आईड्रॉप शामिल थी।


## हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ/एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NIT NO 99 EPC-D-99/PD &C DATED 27.12.2023 | शुद्धिपत्र सं. 6/बोलियां ऑनलाइन जमा करवाने की तिथि में विस्तार 22.05.2024 तक 17:00 बजे तक और 15.05.2024. | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in


संवाद विज्ञा. सं.-13/2025/40/26331/I/88/7 दि. 17.05.24

## चिंतन

# अमेरिका, चीन व पाक को भारत की 'नसीहत'

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक साथ अमेरिका, चीन, पाकिस्तान और भूराजनीतिक संकट पर भारत के दृष्टिकोण बहुत ही संजीदगी से दुनिया के सामने रखा है। ईरान से चाबहार डील के बाद आई धमकी भरी अमेरिकी प्रतिक्रिया पर भारत ने शालीनता से जवाब दिया है कि वैश्विक कूटनीति के तौर पर 'प्रतिबंधों की धमकी' का किस प्रकार बेजा इस्तेमाल किया जा रहा है। भारत का इशारा साफ है कि बहुध्रुवीय वैश्विक स्थिति में प्रतिबंधों की धमकी जैसी कूटनीति अब आउटडेटेड हो गई है। अमेरिका को अब अपनी कूटनीति को नया जामा पहनाना चाहिए। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में विदेश मंत्री ने चीन को भी अंतरराष्ट्रीय कानून न मानने के बिंदु पर आईना दिखाया है। जयशंकर ने कहा कि समझौतों का अनादर और कानून के शासन की अवहेलना किए जाने के कारण एशिया में भूमि और समुद्र में नए तनाव पैदा हुए हैं। दरअसल, चीन ने भारत के साथ सीमा समझौते मैकमोहन रेखा की हमेशा अवहेलना की है, उसी तरह ड्रैगन ने दक्षिण चीन सागर में अंतरराष्ट्रीय सामुद्रिक नियम और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय हेग के फैसले का अनादर किया है, जिसके चलते दक्षिण चीन सागर को लेकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तनाव बरकरार है। अंतरराष्ट्रीय नियम कहता है कि समंदर पर किसी देश का आधिपत्य नहीं हो सकता है। दक्षिण चीन सागर में केवल चीन शब्द आने से वह चीन का नहीं हो जाता है। ऐसे तो फिर हिंद महासागर भारत का होगा, अरब सागर सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात का व मैक्सिकन सागर मैक्सिको का होगा, पर ऐसा नहीं है। विश्व के सभी समुद्र सभी देशों के उन्मुक्त आवाजाही के लिए मुक्त है। साउथ चाइना सी पर चीन यह गलती लगातार कर रहा है। सीमा विवाद भी सीमा समझौते का आदर नहीं करने के चलते है। भारत सीमा विवाद को लेकर चीन को हमेशा चेताता रहता है, इसके बावजूद चीनी हरकतें उकसावे वाली होती हैं। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास चीन की सैन्य मौजूदगी भारत को हमेशा खटकती रही है और यह सीमा समझौते के खिलाफ भी है। आतंकवाद के पोषक के तौर पर जयशंकर ने पाकिस्तान को भी चेताया है कि आतंकवाद ने उन्हें निगलना शुरू कर दिया है जो लंबे समय से इसका सहारा लेते आए हैं। पाकिस्तान पिछले चार दशक से भारत के खिलाफ आतंकवाद प्रायोजित करता रहा है, इसके लिए उसने अपने क्षेत्र में आतंकवाद को पालता-पोसता रहा है, पर आज वही आतंकवादी खुद पाकिस्तान के लिए नासूर बन गए हैं। इतना ही नहीं, जो देश आतंकवाद व आतंकवादी गुटों को अप्रत्यक्ष तौर पर मदद पहुंचाते रहे हैं, आज वे भी आतंकी गुटों के निशाने पर हैं। आज विश्व यूक्रेन युद्ध के परिणामों, पश्चिम एशिया में हिंसा में वृद्धि और जलवायु घटनाओं, ड्रोन हमलों की घटनाओं, भू-राजनीतिक तनाव एवं प्रतिबंधों के चलते गंभीर खाद्य सुरक्षा संकट के दौर से भी गुजर रहा है। जयशंकर ने कहा कि दुनिया तीन 'एफ' यानी 'फ्यूल, फूड, फर्टिलाइजर' (ईंधन, भोजन और उर्वरक) के संकट से जूझ रही है। ऐसे में वैश्विक महाशक्तियों द्वारा आर्थिक गतिविधियों को हथियार बनाना वैश्विक शांति व सुरक्षा के खिलाफ है। अमेरिका को युद्ध व संघर्ष को ईंधन देने के बजाय जंग मुक्त विश्व के लिए काम करना चाहिए। यूक्रेन व इजराइल को अमेरिकी मदद से जंग कैसे खत्म होगी? भारत के सुझावों पर गौर कर युद्ध और भूराजनीतिक तनाव खत्म करने की दिशा में बातचीत से वैश्विक प्रयास होना चाहिए। अमेरिका, चीन, पाकिस्तान आदि देशों को भारत की नसीहत है कि महत्वाकांक्षी अधिनायकवादी, विस्तारवादी व आतंकवाद से त्रस्त विश्व से अधिक समावेशी व सौहार्दपूर्ण विश्व की जरूरत है।

## सारा संसार



गुरुवायुर श्री कृष्ण मंदिर केरल के सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है। यह दक्षिण भारत के सबसे प्रतिष्ठित मंदिरों में से एक है जहां बालकृष्ण अवतार में पीठासीन देवता भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। मूर्ति चार हाथों वाली है - एक में शंख, एक में गदा, एक में चक्र और एक में कमल है।



सीता मंदिर
प्रभात झा

# ...पर मेरा जीर्णोद्धार कब होगा

अयोध्या स्थित रामलाल के भव्य मंदिर के निर्माण के लिए निमित ट्रस्ट से जुड़े कामेश्वर चौपाल का कहना है कि बिहार सरकार पुनौरा धाम ट्रस्ट को यदि हमारे ट्रस्ट को सौंप दे तो हम सभी पुनौरा धाम को भारत का श्रेष्ठ धार्मिक पर्यटन बनाने की दिशा में विचार कर सकते हैं। उनका भी मानना है कि अयोध्या की मान्यता विश्व में भगवान राम लला को लेकर है तो मां सीता को लेकर पुनौरा धाम का नाम विश्व में क्यों नहीं हो सकता। जगत जननी कह रही है कि 'जिनके कारण मेरा अस्तित्व है उनका भव्य मंदिर बनने पर मैं बहुत खुश हूं पर मैं भी उनके साथ पतिव्रता अर्धांगिनी बनकर सदैव हर समय खड़ी रही, तो मेरे साथ भी न्याय होना चाहिए।'

सामान्य तौर पर किसी से भी पूछा जाए कि राम लला का जन्म कहां हुआ, तो सभी तपाक से उत्तर देंगे अयोध्या। इसी तरह यदि आप पूछें कि मां जानकी का जन्म कहां हुआ तो लोग उत्तर देते हैं जनकपुर। जो गलत है। जनकपुर तो सीताजी का ननिहाल और विवाह स्थल है। सत्य यह है कि मां जानकी जहां प्रकट हुई थीं उस स्थान का नाम पुनौरा धाम है। यह स्थान बिहार के सीतामढ़ी शहर से साढ़े तीन किलोमीटर दूर है। उस समय जनकपुर भारत का हिस्सा हुआ करता था, आज जनकपुर नेपाल में है, पर मां सीताजी का प्राकट्यस्थल पुनौराधाम आज भी भारत में है। इसके शास्त्रों में प्रमाण भी उपलब्ध हैं। पुनौरा धाम का महत्व इसलिए और भी बढ़ जाता है क्योंकि अभी बीते गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में ऐसा धाम बनेगा, जिसे दुनिया के लोग देखने आएंगे। यहां भव्य मंदिर सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र मोदी और भाजपा ही बनवा सकती है। सीतामढ़ी को राम सर्किट से जोड़ा जाएगा।

वृहद विष्णुपुराण के मिथिला खंड में वर्णित है कि हम संसार में प्राणियों की मनोकामनाएं पूरी करने वाली विशेष फलदायक यज्ञ स्थली पुण्योर्वरा (पुनौराधाम) की यात्रा और दर्शन विशेषकर चैत्र श्री रामनवमी और वैशाख श्री जानकी नवमी में मोक्ष की अभिलाषी को करने चाहिए, क्योंकि दोनों तिथि क्रमशः श्री राम जी का जन्मदिवस और मां सीता जी का प्राकट्य दिवस है। वर्णन है की एक बार सम्पूर्ण मिथिला में घोर दुर्भिक्ष पड़ गया। लोग अन्न और जल के अभाव में दम तोड़ने लगे। उस समय राजा जनक राज कर रहे थे। राजर्षि जनक ने अपने राज्य के विद्वानों, ऋषि-मुनियों और ज्योतिषियों की आपातकालीन सभा बुलाकर भीषण दुर्भिक्ष की विभीषिका से त्राण पाने के उपाय पर विचार-विमर्श किया। सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि राजा जनक को हलेष्ठी यज्ञ करना चाहिए। इसके निमित्त शोध के आधार पर पुण्यारण्य (पुण्डरीक आश्रम) को उपयुक्त स्थान के रूप में चयन किया गया। वृहद विष्णुपुराण के मिथिला माहात्म्य के अष्टम अध्याय में वर्णित है कि राजर्षि जनक का जो प्राचीन दुर्ग था, उसके पारतः पंचकोशी चार विशाल द्वार थे। वे इन दिनों भी वर्तमान जनकपुरधाम से क्रमशः दस मील उत्तर की ओर धनुषा, दस मील दक्षिण की ओर गिरजा स्थान, दस मील पूरब की ओर हरिहरालय महादेव और दस मील पश्चिम जलेश्वरनाथ के नाम से लोक विदित है। यह स्पष्ट है कि महाराजा जनक इसी जलेश्वरनाथ(शिव जी का जलशयन स्थल) से पश्चिम भाग में शास्त्रवत अठासी ऋषियों एवं रानी सुनैना सहित तीन योजना के बाद हलेष्ठी यज्ञार्थ पुण्डरीक आश्रम पुण्यारण्य पधारे थे, जहां हलेष्ठी यज्ञ की सिद्धि प्राप्त हुई और मां जानकी का प्राकट्य हुआ। पद्मपुराण में वर्णन है कि जानकी नाम तो जनक जी के वंशानुगत जनक शब्द से रखा गया, लेकिन शास्त्रानुसार उनका नाम 'सीता' होना अपेक्षित है, क्योंकि सीत(फार का नुकीला अग्र भाग) और सीता(सिराउर) के संयोग से उत्पत्ति होने के कारण सीता नाम की पुष्टि होती है। जन्म के बाद लौकिक एवं वैदिक रीतियों से वर्षा



से बचाने के लिए 'मड़ई' (मढ़ी) में मां सीता जी रखी गईं तथा उस स्थान का नाम सीतामढ़ी हुआ।

पुण्डरीक क्षेत्र अर्थात पुनौराधाम,जहां मां जानकी का प्राकट्य हुआ, वहां कई पुरातन स्मृतियां हैं, जिनका वर्णन और वहां की भाषाएं का उल्लेख रामायण, पुराणों, संहिताओं एवं इतिहास के पृष्ठों में स्वर्णाक्षरों में वर्णित है। पुनौराधाम में प्रवेश मात्रा से प्राणी पवित्र हो जाता है। मां जानकी कुंड में जलस्पर्श एवं स्नान करने से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। मां जानकी जन्म कुंड को पुण्यनिधि कहा गया है। जगतगुरु रामभद्राचार्य गत 12 वर्षों से लगातार पुनौराधाम में जानकी नवमी आने के नौ दिन पूर्व से जगत जननी मां जानकी की जन्म स्थली पर नौ दिन कथा कर जानकी नवमी सम्पन्न कर समाज को सदैव संदेश देते हैं कि पुनौराधाम ही मां जानकी का प्राकट्य स्थल है। मैं और जगतगुरु रामभद्राचार्य बिहार के तत्कालीन राज्यपाल के साथ-साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस आशय की जानकारी भी दी। आजादी के बाद पहली बार कोई संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति तत्कालीन राज्यपाल और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पुनौराधाम पहुंचे। उन्होंने सभा में कहा कि पुनौराधाम के बारे में तो मुझे पता ही नहीं था कि यह मां जानकी का प्राकट्य स्थल है। जगतगुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि आप जानकी नवमी पर आइए तो मैं वहां पहुंचा। नीतीश ने कहा कि बिहार सरकार पुनौराधाम स्थित मां जानकी के प्राकट्य स्थल का धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विस्तार करने की दिशा में अनेक कदम भविष्य में उठाए जाएंगे। अयोध्या में भगवान रामलला का भव्य और दिव्य मंदिर वर्षों के संघर्ष के बाद न्यायालय के फैसले से बनकर तैयार हो गया। अभी अयोध्या में भगवान रामलला के मंदिर का प्रथम चरण बना है जिसकी जिसकी प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। कहा जाता है कि 'बिना राम के सीता नहीं और बिना सीता के राम नहीं।' पूरे विश्व से अयोध्या में बने भगवान रामलला के मंदिर के दर्शनार्थ लाखों लोग पधार रहे हैं, पर दूसरी ओर, मां जानकी(सीताजी) का प्राकट्य स्थल पर किसी तरह का जमीनी विवाद नहीं है, और तो और वहां मां जानकी का एक छोटा मंदिर भी बना है। वहां वह स्थल भी मौजूद है जहां राजा जनक ने हल जाता था।


प्रधानमंत्री मोदी जब भी अयोध्या में गए थे जय श्री राम नहीं बोले वह हमेशा 'जय सियाराम' ही बोले। अब सवाल उठता है की माता सीता के प्राकट्य स्थल का जीर्णोद्धार कब होगा। जगतगुरु रामभद्राचार्य ने प्रण लिया हुआ है कि जब तक मां सीता के प्राकट्य स्थल का जीर्णोद्धार और यह भारत का श्रेष्ठ धाम नहीं बनेगा मेरी कथा सदैव जानकी नवमी पर यहां होती रहेगी। राज्यसभा में भी पुनौरा धाम का मामला और वहां मां जानकी के प्राकट्य स्थल के संपूर्ण विकास का मामला उठाया था सदन में सभी दलों ने इसका समर्थन भी किया था। पुनौरा धाम भारत के बिहार राज्य में है। अतः भारत और बिहार सरकार का यह नैतिक दायित्व बनता है कि पुनौरा धाम को भारत का श्रेष्ठ धाम बनाने की दिशा में पुरजोर प्रयास करें। अयोध्या स्थित रामलाल के भव्य मंदिर के निर्माण के लिए निमित्त ट्रस्ट से जुड़े कामेश्वर चौपाल का कहना है कि बिहार सरकार पुनौरा धाम ट्रस्ट को यदि हमारे ट्रस्ट को सौंप दे तो हम सभी पुनौरा धाम को भारत का श्रेष्ठ धार्मिक पर्यटन बनाने की दिशा में विचार कर सकते हैं। उनका भी मानना है कि अयोध्या की मान्यता विश्व में भगवान राम लला को लेकर है तो मां सीता को लेकर पुनौरा धाम का नाम विश्व में क्यों नहीं हो सकता।

भारत की जनता अब पुनौरा धाम आने लगी है। जानकी नवमी को वहां बहुत बड़ा मेला लगता है। जगत जननी मां सच में इंतजार कर रही हैं और कह रही है कि 'जिनके कारण मेरा अस्तित्व है उनका भव्य मंदिर बनने पर मैं बहुत खुश हूं पर मैं भी उनके साथ पतिव्रता अर्धांगिनी बनकर सदैव हर समय खड़ी रही, तो मेरे साथ भी न्याय होना चाहिए।'

(लेखक भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रह चुके हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


# क्रियायोग : अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

# दो अनमोल हीरे



संकलित
प्रेरणा

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊँट दिखाई पड़ा। व्यापारी ऊँट खरीद कर घर ले आया। घर पहुँचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊँट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊँट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊँट ख़रीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुँचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊँट बेचने वाला बहुत ख़ुश था। अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊँट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊँट बेचने वाला भड़क गया उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख़ लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियाँ के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## चारधाम यात्रा
मनोज कुमार अग्रवाल



# पहाड़ की सेहत का रखें ध्यान

उत्तराखंड की चार धाम यात्रा 10 मई से शुरू हो गई है। केदारनाथ और यमुनोत्री गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए हैं, जबकि बद्रीनाथ मंदिर में दर्शन 12 मई से शुरू हो गए हैं। इसी के साथ पर्यटकों की भारी भीड़ ने तमाम प्रबंधों को ध्वस्त कर दिया यहां पहले ही दिन हजारों लोगों की भीड़ के कारण अव्यवस्था देखने को मिली। वहीं श्रद्धा आस्था के ऊपर पर्यटन वाली मानसिकता हावी होती देखी जा सकती है, जिसके चलते पहाड़ के नाजुक पर्यावरण के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। आस्था और पर्यटन का यह संगम पहाड़ की सेहत के लिए भी खतरा खड़ा कर सकता है। यात्रा के शुरू होते ही चार धाम में लग रही भारी भीड़ को देखते हुए दो दिनों के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बंद किया गया है। यहां आपको बता दें कि पिछले साल यात्रा खत्म होने के बाद सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक केदारनाथ में 96, यमुनोत्री धाम में 34, गंगोत्री धाम में 29, बद्रीनाथ धाम में 33 और हेमकुंड साहिब में 7 और गौमुख ट्रैक में 1 यानी कुल दो सौ लोगों की मौत हुई थी, वहीं 2022 में चारधाम यात्रा के दौरान 232 श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। यह आंकड़े डराने वाले हैं। 10 मई को कपाट खुलने के बाद से अब तक 1 लाख 26 हजार 306 श्रद्धालुओं ने केदारनाथ पहुंचकर नया रिकॉर्ड बनाया है। पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक उत्तराखंड में चार धाम यात्रा 1200 साल से हो रही है, लेकिन पहली बार इतने श्रद्धालु पहुंचे हैं। अधिक तादाद में श्रद्धालुओं के पहुंचने से एक ओर व्यवस्थाओं का गड़बड़ाना लाजिमी है दूसरी ओर पवित्र स्थलों की पवित्रता भी प्रभावित होने की संभावना कम नहीं है। टनों कचरा प्लास्टिक व अन्य गंदगी पहले से ही वन विहीन हो रहे पहाड़ के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर रहे हैं। वाहनों की उत्सर्जित गैस व गर्मी पर्यावरण को बिगाड़ रही है। जब इतना अधिक संख्या में यात्री चारों धाम पहुंच रहे हैं तो पहाड़ के संवेदनशील भौगोलिक वातावरण पर दुष्प्रभाव होना भी स्वाभाविक है बेशक पर्यटन से राजस्व कमाने और रोजगार व अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए चारधाम यात्रा को आकर्षण बनाने की मुहिम की गई जिस का परिणाम यात्रा के लिए आ रहे लोगों की बढ़ी तादाद है, लेकिन तात्कालिक लाभ के लिए पहाड़ की सेहत से खिलवाड़ उचित नहीं है। पूर्व में उत्तराखंड का केदारनाथ जिस प्राकृतिक त्रासदी से दो चार हो चुका है जिसमें कई हजार श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी उस को भी याद रखना चाहिए, लेकिन इन दिनों लोगों में कभी बेहद दुर्गम व पवित्र तीर्थ धाम माने जाने वाले इन पावन स्थलों को पर्यटन की तर्ज पर घूमने की होड़ लगी हुई है। दरअसल सम्पन्न मध्यमवर्गीय लोगों में आस्था और पर्यटन एक पंथ दो काज करने की मानसिकता बनी है लोग इन समुद्र तल से आठ हजार फुट व अधिक ऊंचाई वाले कम आक्सीजन वाले धार्मिक स्थलों पर बुजुर्गों और छोटे बच्चों को भी साथ लेकर आ रहे हैं। यात्रा शुरू होने के पहले सप्ताह में ही दर्जनों श्रद्धालुओं की मौत बता रही है कि व्यवस्थाएं कमजोर हैं। इस सब के बावजूद लोगों में पहाड़ पर पर्यटन की तर्ज पर चारधाम जाने की होड़ लगी है। यह उचित नहीं है। धार्मिक स्थलों की मर्यादाओं को ध्यान में रखकर दर्शन करने से ही पुन्य मिल सकता है पर्यटन के भाव से मौज मस्ती और अमर्यादित वस्त्र परिधान पहन कर धार्मिक विश्वास दर्शाना महज धोखा है। इन हालात में पहाड़ की सेहत से तो खिलवाड़ किया जा रहा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### डेंगू से बचने-बचाने के लिए गंभीर हों

हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को डेंगू से बचने और इस बीमारी से निपटने के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष का थीम है- डेंगू रोकथाम सुरक्षित कल के लिए हमारी जिम्मेदारी। महामारी हो या अन्य कोई बीमारी, इससे बचने के लिए आमजन को भी गंभीर होना चाहिए, मात्र सरकारों या प्रशासन के भरोसे ही नहीं बैठना चाहिए। हर वर्ष देश के विभिन्न राज्यों में डेंगू अपना कहर बरपाता है। सरकार और प्रशासन भी कुंभकर्णी नींद से तभी जागते हैं जब डेंगू जानलेवा बनने लगता है। प्रशासन को चाहिए कि वह आग लगने के बाद कुआं खोदने की बजाय पहले ही डेंगू को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठा ले। - **ललित ताम्रकार**, रायगढ़

## ट्रेंड

### सम्मान के लिए प्रतिबद्ध हों



समलैंगिक संबंधों का अपराधीकरण समाप्त होना चाहिए, साथ ही एलजीबीटीआईक्यू+ समुदायों के खिलाफ भेदभाव भी समाप्त होना चाहिए। होमोफोबिया, बाइफोबिया और ट्रांसफोबिया के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर और हर दिन, आइए सभी के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध हों।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव


### सभी हमारे बच्चे



56 राष्ट्रमंडल देशों में 123 मिलियन बच्चे स्कूल से बाहर हैं। मैं पूछता हूं किसके बच्चे हैं? किसके बच्चे गुलामी में फंसे हैं? युद्धों में किसके बच्चे मारे और अपंग हो जाते हैं? किसके बच्चे जलवायु अन्याय से सबसे अधिक पीड़ित हैं? वे सभी हमारे बच्चे हैं!

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### बहुमूल्य है समय



समय बहुमूल्य है। भविष्य की सही सटीक और प्रभावी योजनाएं बनाएं और समय साधनों का सदुपयोग करना सीखें। आध्यात्मिक पथिक सदैव समय, साधनों का उचित प्रयोग परम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए करता है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### तो ऐसा नहीं है



बस एक चेतावनी- यदि आपको लगता है कि यह असंभव है-तो ऐसा नहीं है। यदि आप सोचते हैं कि आप सब कुछ जानते हैं - तो ऐसा नहीं है। अगर आपको लगता है कि आप अकेले हैं- तो आप नहीं हैं!

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर


# हिजबुल्लाह की इजराइल के खिलाफ नई रणनीति



लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह ने इस सप्ताह उत्तरी इजराइल में एक सैन्य चौकी पर ड्रोन के जरिए हमला किया और दो मिसाइलें दागीं, जिसमें तीन सैनिक घायल हो गए थे। इजराइली सेना ने यह जानकारी दी। हिजबुल्लाह बीते सात महीने से इजराइल पर लगातार हमले कर रहा है लेकिन बृहस्पतिवार को किए गए हमले में उसे पहली बार कामयाबी मिली क्योंकि यह इजराइली हवाई क्षेत्र के भीतर से किया गया था। हिजबुल्लाह ने हाल के सप्ताहों में इजराइल पर अपने हमले तेज कर दिए हैं, खासकर गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर रफह में इजराइली घुसपैठ के बाद से। आतंकी समूह ने इजराइल के अंदरूनी इलाकों को निशाना बनाकर कई हमले किए हैं तथा नए और अधिक उन्नत हथियारों का इस्तेमाल किया। हिजबुल्लाह पर करीबी नजर रखने वाले लेबनानी राजनीतिक विश्लेषक फैसल अब्दुल–सातेर ने कहा, 'यह इजराइली दुश्मन को जमीन पर संदेश भेजने का एक तरीका है, जिसका अर्थ है कि यह हमारे पास जो कुछ है उसका हिस्सा है, और यदि आवश्यक हो तो हम और अधिक हमला कर सकते हैं।' सीमा पार से गोलीबारी अक्टूबर की शुरुआत से ही जारी है।

## ऑफ बीट

# मनुष्य हजारों वर्षों से प्रकृति में बदलाव कर रहा है : रिपोर्ट



जुलाई 2024 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के लिए सभी की निगाहें पेरिस पर होंगी। दुनिया भर से दर्शक एथलीटों की प्रतिस्पर्धा देखने और दुनिया के सबसे पहचाने जाने वाले शहरों में से एक की संस्कृति, रोमांस और इतिहास का आनंद लेने के लिए सिटी ऑफ लाइट में जुटेंगे। लेकिन पेरिस का एक प्रतिष्ठित मील का पत्थर, नोट्रे डेम कैथेड्रल, 14 अप्रैल, 2019 को कैथेड्रल में 12 घंटे तक लगी विनाशकारी आग के बाद अभी भी नवीकरण की प्रक्रिया में होगा। जब आखिरी अंगारे बुझ गए, तो नोट्रे डेम की अधिकांश लकड़ी और धातु छत नष्ट हो गई थी, और उसका भव्य शिखर आग की लपटों में भस्म हो चुका था। नोट्रे डेम लगभग 1,000 वर्ष पुराना है और कई बार क्षतिग्रस्त हुआ और मरम्मत किया गया है। इसका अंतिम प्रमुख नवीकरण 1800 के दशक के मध्य में हुआ था। संरचना को तैयार करने वाले विशाल बीम 300 से 400 साल पहले काटे गए यूरोपीय ओक के पेड़ों से बनाए गए थे। आज, ये पेड़ पूरे उत्तर–मध्य यूरोप में आम हैं, लेकिन सदियों से वनों की कटाई के कारण, नोट्रे डेम की छत की जाली और शिखर की जगह लेने के लिए काफी ऊँचे पेड़ों की जरूरत है। योजनाकारों को पुनर्स्थापना के लिए उपयुक्त बड़े ओक के पेड़ों की देश भर में खोज करनी पड़ी।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




# कांग्रेस आपका आरक्षण खत्म करना चाह रही, गठबंधन के नेता राममंदिर के साथ सनातन, हिंदू धर्म को बता रहे बेकार की चीज

पीएम मोदी ने हमीरपुर और फतेहपुर में जनसभाओं को संबोधित किया। यह रैली बुंदेलखंड की लोकसभा सीटों को देखते हुए बेहद अहम है। पिछली सरकारों ने किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया था।

## हमीरपुर में पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन पर किया बड़ा हमला

सपा को भी घेरा



एजेंसी ▶▶ हमीरपुर

पीएम मोदी ने शुक्रवार को हमीरपुर और फतेहपुर में जनसभाओं को संबोधित किया। यह रैली बुंदेलखंड की लोकसभा सीटों को देखते हुए बेहद अहम है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछली सरकारों ने बुंदेलखंड में किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया था। हम किसान सम्मान निधि, सस्ती यूरिया दे रहे हैं। गरीबों को निशुल्क राशन मिल रहा हैं। हम गरीबों को मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज की सुविधा दे रहे हैं। हम तीन करोड़ नए पीएम आवास बनाएंगे। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाएंगे। यह मोदी की गारंटी है। इसके लिए आपका साथ चाहिए। अगर कहीं पर भी आप को इक्का दुक्का ऐसे परिवार मिल जाएं, तो मेरी तरफ से आप उनका नाम पता लेकर मुझे भेज दीजिए। कांग्रेस सरकार वहां दलितों- पिछडों का आरक्षण कम करके मुसलमानों को देना शुरू कर दिया है। अब ये लोग पूरे देश में लागू करना चाहते हैं। ये वोट बैंक तुष्टीकरण के लिए किसी भी सीमा पर जा सकते हैं।

### शहजादे राम मंदिर पर ताला डलवा देंगे

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस अलगाववादियों को खाद पानी देती थी और आतंकवाद का आरोप भगवा पर लगाया। भगवा आतंकवाद का झूठ गढ़ा था। यूपी में सपा सरकार दंगाइयों की खातिर करती थी। कांग्रेस के शहजादे राम मंदिर पर ताला डलवाने का ख्वाब देखते हैं। सपा के बड़े नेता कहते हैं कि राम मंदिर बेकार है। वे सत्ता में आकर सनातन धर्म का विनाश कर देंगे।




### आपकी संपति को बांट देंगे सपा-कांग्रेस के नेता

पीएम मोदी ने कहा कि सपा-कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही इरादे साफ कर दिए हैं। कांग्रेस कह रही है वह सबकी संपत्ति की जांच कराएंगे। क्या किसी भी सरकार को आप अपनी संपति लूटने देंगे। यह सपा-कांग्रेस वाले कह रहे हैं कि वह उनकी संपत्ति को बांट देंगे।

### कांग्रेस और पाकिस्तान पर कसा तंज

कांग्रेस आजकल हमें धमकी दे रही है कि पाकिस्तान से डरो। पाकिस्तान को हम घर में घुसकर मारकर आए थे। पाकिस्तान के पास परमाणु बम के रखरखाव का खर्चा तक नहीं है। पाकिस्तान का डर दिखाने वाले वोट देने लायक हैं क्या।

### डिफेंस कॉरिडोर, राष्ट्र सम्मान नहर परियोजना का काम शुरू

चुनौती से जो टकराता है, वही तो मोदी कहलाता है। पौने दो लाख घरों में मिशन नमामि गंगे तहत कनेक्शन दिया जा चुका है, जो समस्याएं हैं उन पर काम चल रहा है। हमारी सरकार ने केन बेतवा लिंक परियोजना के लिए काम शुरू कर दिया है। हमारी सरकार 40 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च कर रही है।

### भानुमति का कुनबा बिखरने लगा

फतेहपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी फतेहपुर पहुंचे। पीएम मोदी ने कहा कि ये जनसैलाब बहुत कुछ बता रहा है। जनता जनार्दन ने इन चार चरणों में ही इंडी गठबंधन को सपा-कांग्रेस और उसके साथियों को चारों खाने चित्त कर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि भानुमति का कुनबा बिखरने लगा है। उसने हथियार डाल दिए हैं। बचे हुए चुनाव में कोई मेहनत भी नहीं करना चाहता। अब उन्होंने घर से निकलना ही छोड़ दिया है। मैंने कहा था ये शहजादे केरल में वायनाड से भागेंगे, भागे कि नहीं भागे।

### शाह ने राहुल को दी चुनौती

## पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है और रहेगा, इसे हम वापस लेकर रहेंगे

रायबरेली। गृह मंत्री अमित शाह ने रायबरेली में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मणिशंकर अय्यर और फारूख अब्दुल्ला कहते हैं कि पीओके की बात मत करो। पाकिस्तान के पास एटम बम है। मैं आज यहां से कहकर जाता हूं, आपको डरना है तो डरिए, लेकिन पीओके भारत का है, रहेगा और हम इसे लेकर रहेंगे। शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोग केवल अपने परिवारों के लिए राजनीति करने वाली कांग्रेस और सपा का पूरी तरह सफाया करने का मन बना चुके हैं। कांग्रेस पार्टी और इंडी अलायंस परिवारवादी गठबंधन है।



### इस देश को फिर कभी नहीं बांटा जा सकता

हाल ही में बीआरएस नेता केटी रामाराव ने अपने एक बयान में उत्तर बनाम दक्षिण के मुद्दे पर बात की और दक्षिण को अलग देश बताया। शाह ने रामाराव के उस बयान पर तीखी टिप्पणी की और बयान को घोर आपत्तिजनक बताया। शाह ने कहा कि इस देश को फिर कभी नहीं बांटा जा सकता। देश की जनता को कांग्रेस के एजेंडे के बारे में सोचना चाहिए। देश को बांटने की बात बेहद आपत्तिजनक है।

### बलिया में राजनाथ की हुंकार

### तीसरे कार्यकाल में सीएए लागू करेगी मोदी सरकार



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के सिकन्दरपुर में चुनावी जनसभा में ऐलान किया कि केंद्र में तीसरी बार सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। यह हमारा कमिटमेंट है। सिंह ने सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रवींद्र कुशवाहा के समर्थन में जनसभा में कहा कि संविधान निर्माताओं ने भी समान नागरिक संहिता के बारे में कहा था। उन्होंने कहा कि हम राजनीति देश बनाने के लिए करते हैं।

### ओडिशा में गरजे सीएम हिमंत

### 400 पार होने पर पीओके होगा हमारा



भुवनेश्वर। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को गंजाम जिले के कविसूर्यनगर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीओके को भारत में मिलाने के लिए मोदी का 400 पार का नारा दिया गया है। 300 पार हुआ तो श्रीराम मंदिर बना और सीएए लागू किया गया। यह 400 को पार होगा तो पीओके भारत में विलय हो जाएगा। कृष्ण मंदिर बनेगा और कई काम होंगे। पीओके के अशांत होने के बावजूद श्रीनगर में लोग सुरक्षित एवं शांतिप्रिय हैं।

### बेटे के चुनाव प्रचार में बोले ब्रजभूषण

### मैं तो छुट्टा सांड हो गया हूं...



केसरगंज। उत्तर प्रदेश के कैसरगंज से बेटे करन भूषण के लिए चुनाव प्रचार कर रहे भाजपा के मौजूदा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मैं न रिटायर हुआ हूं, न बूढ़ा हुआ हूं। अब मैं छुट्टा सांड हूं। अब जनता के लिए किसी से भी भिड़ सकता हूं। सांसद के इस बयान को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। भरे मंच से सांसद ने स्थानीय भाषा में कहा कि का करिहये हमार, का करिहये, लड़ेजिति हैं न, और हमसे ज्यादा मनइयों कोही के पास नाही हैं। हम चुप बैठने वाले नहीं हैं।

### राहुल का भावनात्मक बयान

### मैं आपका हूं, अमेठी का हूं और रहूंगा



अमेठी। यहां राहुल गांधी ने जनसभा में भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी पार्टी और उसके नेता साफतौर पर कह रहे हैं कि हम संविधान को बदल देंगे। राहुल ने कहा कि राजनीति में जो उन्होंने सीखा है वो अमेठी की जनता ने उन्हें सिखाया है। मैंने अपने पिता का जो रिश्ता अमेठी और यहां के लोगों से था वो अपनी आंखों से देखा है। आप लोग यह मत समझिए कि मैं रायबरेली से चुनाव लड़ रहा हूं, मैं आपका हूं अमेठी का हूं था और रहूंगा।

### रायबरेली में सोनिया बोलीं

### अपना बेटा आपको सौंप रही हूं...



रायबरेली। लंबे समय बाद शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में जनसभा को संबोधित करने पहुचीं सोनिया गांधी भावुक हो गईं। उन्होंने संक्षिप्त भाषण में रायबरेली वालों के प्रति आभार जताया और कहा कि अपना बेटा आपको सौंप रही हूं। बीस साल तक जिस तरह से आपने मुझे प्यार दिया है उसी तरह राहुल को भी दें। राहुल आपको निराश नहीं करेंगे।

## खबर संक्षेप

### झारखंड हाई कोर्ट ने राहुल पर लगाया हर्जाना

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एक हजार का हर्जाना लगाया है। उनकी ओर से समय की मांग की गई थी, जिस पर अदालत में उन पर हर्जाना लगाया है। राहुल ने दिल्ली के अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में हत्या का आरोपित भी अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता है। बताया जा रहा है कि चाईबासा कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई गई है।

### जहरीली गैस के संपर्क में आने से 15 लोग बीमार

बालासोर। ओडिशा के बालासोर जिले में खांटापाड़ा पुलिस थानाक्षेत्र के नीलगिरी के पास एक झींगा प्रसंस्करण इकाई से निकलने वाली जहरीली गैस के कारण 15 लोग बीमार पड़ गए। वहां की पुलिस ने बताया कि गुरुवार रात इकाई में प्रसंस्करण कार्य में लगे कुछ श्रमिकों ने उन्हें उल्टी, जी घबराना और सांस लेने में कठिनाई होने के कारण भर्ती कराया गया। इनका इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि जहरीली गैस के कारण लोगों को परेशानी हुई।

## एडीआर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगा चुनाव आयोग से जवाब, अगली सुनवाई 24 को

# मतदान के आंकड़े 48 घंटे के भीतर जारी करें आयोग बोला- एक रात में इकट्ठा नहीं हो सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा चुनाव आयोग को मतदान के आंकड़े 48 घंटे के भीतर जारी करने का निर्देश देने संबंधी याचिका पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के प्रत्येक चरण के मतदान के आंकड़े 48 घंटे के भीतर अपनी वेबसाइट पर मतदान केंद्र-वार मतदान प्रतिशत डेटा अपलोड करने के संबंध में चुनाव आयोग के वकील को तलब किया।

चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि एक रात में डेटा इकट्ठा नहीं हो सकता। इसकी प्रोसेसिंग के लिए वक्त लगता है। अब 24 मई को अगली सुनवाई होगी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई की। सीजेआई ने कहा कि चुनाव आयोग को याचिका पर जवाब देने के लिए कुछ उचित समय दिया जाना चाहिए।

### क्या कहा गया है याचिका में

ज्ञात हो कि पिछले हफ्ते, एनजीओ ने अपनी 2019 जनहित याचिका में एक अंतरिम आवेदन दायर किया था, जिसमें चुनाव पैनल को निर्देश देने की मांग की गई थी कि सभी मतदान केंद्रों के "फॉर्म 17 सी भाग- I की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियां" मतदान के तुरंत बाद अपलोड की जाएं।



### कितनी प्रतिशत वोटिंग हुई?

चुनाव आयोग ने गुरुवार (16 मई) को बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले चार चरणों में कुल मतदान 66.95 प्रतिशत दर्ज किया गया आयोग ने कहा कि करीब 97 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से 45.1 करोड़ लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है।

### याचिकाकर्ता के वकील ने ये कहा

एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि निर्वाचन आयोग को फॉर्म-17 के आंकड़े प्राप्त करें और वेबसाइट पर डाल दें। शाम 6 से 7 बजे तक मतदान पूरा होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी के पास पूरे निर्वाचन क्षेत्र का डेटा होता है। इसके बाद भी आप इसे अपलोड क्यों नहीं करते हैं।

### चुनाव आयोग से सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

इससे पहले सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह पेश हुए। वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि इस अदालत द्वारा 26 अप्रैल, 2024 को दिए गए फैसले में नियम 49 और फॉर्म 17सी सहित विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण किया गया है, जिस पर आवेदकों द्वारा भरोसा किया गया है। इसके अलावा आयोग के वकील सिंह ने कहा कि चुनाव के 4 चरण हो चुके हैं और चूंकि याचिका वर्षों से अदालत के समक्ष लंबित है, इसलिए ईसीआई को जवाब देने का अवसर दिया जाना चाहिए।

### राजनीतिक दलों ने उठाए थे सवाल, लगाए थे आरोप

दरअसल, कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि मतदान के आंकड़े देर से जारी हो रहे हैं। ऐसे में मन में शक पैदा होता है। वहीं बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा था पहले आंकड़े समय पर जारी कर दिए जाते थे, मगर अभी जिस तरह से देरी हो रही है, उससे कहीं न कहीं गंभीर सवाल पैदा होते हैं। यह ठीक नहीं है।

### जल्द डेटा इकट्ठा नहीं हो सकता

आयोग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि एक रात में डेटा इकट्ठा नहीं हो सकता है। यह एक सेट पैटर्न है। चुनाव की घोषणाओं से पहले पहले मतदाता सूची, फिर ईवीएम पर सवाल उठाया गया।

### भरतपुर में भीषण सड़क हादसा

## 4 महिलाओं समेत 7 लोगों की मौत और 8 अस्पताल में भर्ती

एजेंसी ▶▶ भरतपुर

राजस्थान के भरतपुर में भीषण सड़क हादसे में 4 महिलाओं समेत 7 लोगों की मौत हो गई है। 8 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक्सीडेंट के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। आगरा-जयपुर हाईवे पर यूपी रोडवेज की बस आगे चल रहे ट्रक से जाकर भिड़ गई। दुर्घटना के बाद बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हलैना बस स्टैंड के पास एक यूपी नंबर की बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। एक्सीडेंट की वजह से 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर्स ने 3 और घायलों को मृत घोषित कर दिया। अभी 8 लोगों का इलाज चल रहा है।


उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ सामग्री प्रबन्धक विद्युत कर्षण डिपो, गाजियाबाद द्वारा निविदा क्रमांक 44245014 के आधार पर ई–नेविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| | |
|---|---|
| 1 | मद का विवरण : 3 PHASE ASYNCHRONOUS TRACTION MOTOR (6FXA7059) FOR WAP5 ELECTRIC LOCOMOTIVES AS PER CLW SPEC NO. 4TMS.097.001 ALT 5 OR LATEST |
| 2 | मद की मात्रा : 20 Nos. |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि और समय : 13.06.2024, 11:00 Hrs. |
| 4 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in |

नोट: 1. निविदाकर्ता को ई टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई प्राक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए।
2. सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
3. कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है।

सं.: 16/44245014/ETD/GZB दिनांक: 17.05.2024 1498/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## बीड में इंस्पेक्टर निकला धन कुबेर

# छापेमारी में 1.08 करोड़ नकद 72 लाख के गोल्ड बिस्कुट मिले



मुंबई। एंटी करप्शन ब्यूरो को बीड जिला पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग के इंस्पेक्टर हरिभाऊ खाड़े के घर पर छापेमारी की। 1.08 करोड़ नकद और 72 लाख के गोल्ड बिस्किट बरामद हुए हैं। खाड़े पर बीड में हुए जिजाऊ मल्टीस्टेट घोटाले में एक कारोबारी पर आरोप लगाने से बचाने 1 करोड़ की रिश्वत मांगने और 5 लाख की घूस लेने का आरोप है। खाड़े फरार बताया जा रहा है।

### टीएमसी नेताओं के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

सीबीआई ने बंगाल में टीएमसी के दो नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी साल 2021 में चुनाव के बाद हुई हिंसा के मामले में की गई। पूर्वी मेदिनीपुर जिले के काठी इलाके में टीएमसी नेताओं के ठिकानों पर छापा मारा। चुनावी हिंसा में भाजपा के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई थी।


उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली-6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान: दिल्ली मण्डल के गाजियाबाद-सहारनपुर सैक्शन पर मौहिउददीनपुर रेलवे स्टेशन के पास कि.मी.55/13-15 पर समपार फाटक सं. 19-सी के बदले सीमित उँचाई भूमिगत मार्ग तथा 1x60 मीटर बाओसीट्रिंग टाइप + 1x 24.55 मीटर कम्पोजिट गर्डर टाइप सहित 2 लेन सड़क उपरी पुल का निर्माण तथा कि.मी. सं. 114/5-6 पर समपान फाटक सं. 50 पर सड़क निचला पुल एवम सीमित उँचाई भुमिगत मार्ग का निर्माण सम्बन्धित कार्य करने हेतु। | |
| 2 | अनुमानित/निदेषात्मक परियोजना लागत | रुपये 3756.80 लाख |
| 3 | कार्य पूरा करने की अवधि | 18 माह |
| 4 | जमा की जाने वाली जमानती राशि | रुपये 20,28,400.00 |
| 5 | विस्तृत ई-निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज | उपर्युक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 18.05.2024 से 10.06.2024 के बीच 11.30 बजे तक उपलब्ध होंगे। |
| 6 | ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा 11.30 बजे दिनांक 27.05.2024 से 10.06.2024 तक आई आर ई पी एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा उसके बाद केवल तकनीकी सह वाणिज्यिक विडों को 11.30 बजे दिनांक 10.06.2024 को खोला जाएगा। |
| 7 | निविदा खुलने की तिथि और समय | 10.06.2024 को 11.30 बजे खोली जायेगी। पात्र निविदाकर्ताओं की वितीय बोली तदनुसार खोली जायेगी जिसकी समय और तिथि की सूचना बाद में दी जायेगी। |

सं. – 74-डब्लु/1/2/400/डब्लु.ए/ शिवाजीब्रिज-II दिनांक: 17.05.2024 1502/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदो के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 10240045 | क्लोथिंग फॉर सब्ज़ीरो क्लाइमेट | 286 नग | 10.06.2024 |
| 02 | 19240864 | सेट ऑफ़ सिलिंड्रिकल रोलर बेअरिंग | 169 नग | 10.06.2024 |
| 03 | 09242351 | लाइनर | 38369 नग | 12.06.2024 |
| 04 | 19241981 | सेट ऑफ़ कम्पूटेटर स्विच असेंबली | 15 सेट | 18.06.2024 |
| 05 | 08245232 | आर सी टेंडर फॉर 19 कोर सिगनलिंग केबल | 1292 किलोमीटर | 18.06.2024 |
| 06 | 19240800 | कांट्रेक्टर फॉर कण्ट्रोल इलेक्ट्रॉनिक्स | 148 नग | 24.06.2024 |
| 07 | 07241149 | डबल एक्टिंग हाइड्रोलिक शॉक अबसरबर | 4980 नग | 01.07.2024 |
| 08 | 09243057 | किट ऑफ़ पी यू पेंट्स | 1225 सेट | 03.07.2024 |
| 09 | 19243339 | गियर केस असेंबली | 307 नग | 08.07.2024 |
| 10 | 09242191 | कास्ट स्टील ब्रेक बीम | 726 नग | 17.07.2024 |
| 11 | 07241496 | वाटर टैंक असेंबली, 455 लिटर्स | 287 नग | 05.08.2024 |
| 12 | 19240608 | गियर केस माचिन्द (एम एस) फॉर WAP-7/WAG-9 लोकस | 46 नग | 05.08.2024 |
| 13 | 02241922 | बैटरी चार्जिंग यूनिट | 53 नग | 05.08.2024 |
| 14 | 02241847 | मॉडिफाइड वाशऐबल साइड बॉडी फिल्टर | 2393 नग | 30.09.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 15/2024-2025 दिनांक : 17.05.2024 1503/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, जालंधर शहर निम्नलिखित कार्य के लिए एकल पेकेट प्रणाली अन्तर्गत ई–निविदा आमंत्रित करते है

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर द्वितीय प्रवेश एवम कोचिंग टर्मिनल का विकास कार्य के सबंध में प्लेटफार्मों, सेवा भवनों, पार्सल साइडिंग, नई वॉशिंग लाइन, सिक लाइन शेड, स्टेबलिंग लाइन, यार्ड मे बैटरी चार्जिंग सेट, प्री–कूलिंग सह बैटरी चार्जिंग पॉइंट. वेल्डिंग पॉइंट, हाई मास्ट टावर, एलईडी फिटिंग, सबमर्सिबल पंप प्रदान करने तथा अन्य सवंधित विद्युतीकरण कार्य हेतु। |
| 2. | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 माह |
| 3. | कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 4,19,44,271.00 |
| 4. | बोली सूरक्षा राशि जो जमा की जानी है | ₹ 3,59,700/- |
| 5. | ई–निविदा जमा करने एवं ई–निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक 11.06.2024 समय 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 11.06.2024 समय 11:30 वजे खोली जाएगी। |
| 6. | निविदा सूचना एंव निविदा प्रपत्र की जानकरी | विस्तृत ई–निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वैबसाइट www-nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है एंव निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 28.05.2024 से दिनांक 11.06.2024 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगा। निविदाकर्ता जो ई–निविदा में भाग लेने को इच्छुक है उनको सलाह दी जाती है कि उपरोक्त वैबसाइट पर अपना ई–पंजीकरण करा ले जिसके लिए उन्हे क्लास III डिजीटल प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी (यदि पहले से उपलब्ध नही है), जो आई टी नियम–2000 के अन्तर्गत सीसीए द्वारा जारी की जाएगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दिये गये है। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है। |


प्रपत्र सं0 17–विद्युत/नि/टी/जेयूसी/64 दिनांक: 17.05.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1501/24

# चयन ट्रायल नहीं कराने का अनुरोध, महिला पहलवानों ने कहा- हमें ओलंपिक से पहले मानसिक शांति की जरूरत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक की कोटा विजेता महिला पहलवानों ने शुक्रवार को राष्ट्रीय महासंघ से चयन ट्रायल आयोजित नहीं करने का अनुरोध करते हुए कहा कि अब से वे जो भी कदम उठाएंगें और जो कुछ भी करेंगे उसका असर ओलंपिक में भारत की पदक संभावनाओं पर पड़ेगा। भारतीय कुश्ती महासंघ ने ट्रायल मानदंड तय करने के लिए 21 मई को दिल्ली में अपनी चयन समिति की बैठक बुलाई है। सीनियर विश्व चैंपियनशिप 2021 के फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला पहलवान अंशु मलिक ने कहा कि खेलों की तैयारी के लिए अब उन्हें केवल 'मानसिक शांति' की जरूरत है। अंशु को अगर पेरिस जाने का मौका मिलता है तो यह इन खेलों में इस 22 साल की खिलाड़ी के लिए यह दूसरा मौका होगा। उन्होंने पिछले ओलंपिक में 17 साल की उम्र में महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करके आश्चर्यचकित किया था, लेकिन बड़े स्तर के अनुभव की कमी के कारण वह पहले दौर में ही बाहर हो गई थी।



### तैयारी होगी प्रभावित

अंशु को डर है कि खेलों के इतने करीब उनके शरीर पर दबाव डालने से उनकी तैयारी प्रभावित हो सकती है। तोक्यो में अभ्यास कर रही अंशु ने कहा, 'हमें अपने हर छोटे से छोटे काम में बहुत, बहुत सावधान रहना होगा। हम यहां से अपने हर एक कदम में सतर्कता बरत रहे हैं। मैंने हाल ही में कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, ट्रायल्स और फिर क्वालीफायर, इसलिए मुझे ट्रायल के माध्यम से फिटनेस का आकलन करने की आवश्यकता नहीं है। ओलंपिक से पहले हमें मानसिक शांति की जरूरत है।'



### चोटिल होने का खतरा

विशेषज्ञों का मानना है कि कोटा विजेताओं को ट्रायल के लिए बुलाने से चोटिल होने का खतरा होगा। एक कोच ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'इस स्तर पर, जब सब कुछ दांव पर होगा, पहलवान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। इससे कुछ कठिन मुकाबले हो सकते हैं और चोटें लग सकती हैं। इस स्थिति से बचना चाहिए।'

### ट्रायल एक बड़ी चुनौती

रीतिका का नैसर्गिक वजन 81 किग्रा है और अंडर 23 वर्ग में देश की पहली विश्व चैंपियन ने कहा, 'हमें वजन कम करने में हमें लगभग सात दिन लगते हैं और प्रतियोगिता के बाद ठीक होने में लगभग इतना ही समय लगता है। अगर मुझे प्रक्रिया फिर से शुरू करनी है, तो यह एक बड़ी चुनौती है। हमें ट्रायल से छूट मिलनी चाहिए। मुझे अच्छे प्रदर्शन का पूरा भरोसा है, हालांकि अमेरिका के जिस पहलवान को मैंने अंडर-23 विश्व फाइनल में हराया था, वह भी मजबूत है। मेरा आक्रमण काफी अच्छा है और रक्षा थोड़ी कमजोर है। अगर मैं अपना आक्रामक खेल जारी रख सकी तो मैं पेरिस में पदक जीत सकती हूं।'



### रणनीति बनाने में होगी मुश्किल

निशा दहिया (68 किग्रा) और रीतिका हुडा (76 किग्रा) उन पांच महिला पहलवानों में शामिल हैं, जिन्होंने भारत के लिए कोटा हासिल किया है। रोहतक में सत्यवान के अखाड़े में प्रशिक्षण लेने वाली निशा ने कहा, 'मैं अभी भी क्वालीफायर में वजन-कटौती से उबर रही हूं, अगर हम फिर से ट्रायल से गुजरते हैं, तो यह हमारे शरीर पर असर डालेगा। हमें दिग्गज पहलवानों से भिड़ना है और उसके लिए कारगर योजना बनाने की जरूरत है, लेकिन अगर ट्रायल के बारे में सोचते रहेंगे, तो हम आगे की रणनीति कैसे बनाएंगे।''

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 13 | 9 | 3 | 19 |
| राजस्थान | 13 | 8 | 5 | 16 |
| हैदराबाद | 13 | 7 | 5 | 15 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 |
| लखनऊ | 14 | 7 | 7 | 14 |
| बेंगलोर | 13 | 6 | 7 | 12 |
| गुजरात | 14 | 5 | 7 | 12 |
| पंजाब | 13 | 5 | 8 | 10 |
| मुंबई | 14 | 4 | 10 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
661 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



हर्षल पटेल
22 विकेट
पंजाब

## खबर संक्षेप

### प्रो लीग के लिए तैयार नई कप्तान सलीमा

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम की नई कप्तान सलीमा टेटे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से सबक लेकर बुधवार से बेल्जियम के एंटवर्प में शुरू हो रहे एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में नए सिरे से शुरुआत करना चाहेंगी। पूर्व कप्तान सविता पूनिया के साथ भारत ने भुवनेश्वर और राउरकेला में प्रो लीग के पहले चरण में आठ मैचों में दो ही जीत दर्ज की और नौ टीमों में छठे स्थान पर खिसक गई। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दोस्ताना श्रृंखला से पहले सलीमा को टीम की कमान सौंपी गई जबकि नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया।



### मेरे रिकॉर्ड को अभी कोई खतरा नहीं

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे तेज 'फर्राटा' धावक उसेन बोल्ट आठ साल के बाद फिर से ओलंपिक में होंगे लेकिन प्रतिभागियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि वह पेरिस में सिर्फ उन्हें खेलते हुए देखने के लिए मौजूद होंगे। वह अपने शानदार रिकॉर्ड टूटने के प्रति जरा भी चिंतित नहीं हैं और उनका मानना है कि निकट भविष्य में इन्हें कोई खतरा नहीं है। बर्लिन में 2009 विश्व चैम्पियनशिप में 100 मीटर में उनका 9.58 सेकेंड और 200 मीटर में 19.19 सेकंड का रिकॉर्ड कायम है।



### आस्ट्रेलिया में फुटबॉल मैच फिक्सिंग में तीन गिरफ्तार

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई पेशेवर फुटबॉल में शुक्रवार को लीग क्लब मैकार्थर एफसी के कप्तान द्वारा दो युवा साथी खिलाड़ियों को जानबूझकर पीला कार्ड हासिल करने के लिए 10,000 आस्ट्रेलियाई डॉलर की राशि देने के आरोपों के बाद तहलका मच गया। इसमें मैकार्थर एफसी के कप्तान उलीसेस डाविला तथा साथी खिलाड़ी कीरिन बाकुस और क्लेटन लुईस को मैच फिक्सिंग में कथित लिप्तता के कारण गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि जीतने के लिए सैकड़ों हजार डॉलर की राशि दी गई। शुक्रवार को सभी तीनों खिलाड़ियों को आधिकारिक रूप से आरोपित किया गया और उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। डाविला 24 जून को अदालत में पेश होंगे। जांचकर्ताओं का आरोप है कि 24 नवंबर और नौ दिसंबर को खेले गये मैच के दौरान पीले कार्ड के लिए छेड़छाड़ की गई।

## पूरन-राहुल की फिफ्टी, लखनऊ जीत के बावजूद प्लेऑफ रेस से बाहर

# एलएसजी से 18 रन से हारकर मुंबई ने खत्म किया आईपीएल अभियान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

निकोलस पूरन (29 गेंद में 75) और कप्तान लोकेश राहुल (41 गेंद में 55) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच 44 गेंद में 109 रन की साझेदारी के दम पर लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शुक्रवार को यहां मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराया। एलएसजी ने छह विकेट पर 214 रन बनाने के बाद रोहित शर्मा (38 गेंद में 68 रन) और नमन धीर (28 गेंद में नाबाद 62 रन) की अर्धशतकीय पारियों के बाद भी मुंबई को छह विकेट पर 196 पर रोक दिया। इस हार के बाद यह तय हो गया कि मुंबई की टीम 14 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ आखिरी पायदान पर रहेगी। एलएसजी का अभियान 14 मैचों में सात जीत के साथ खत्म हुआ। टीम तालिका में छठे पायदान पर है। टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम के दृष्टिकोण से रोहित का लय में आना अच्छी खबर है। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के जड़ने के साथ पहले विकेट के लिए डेवाल्ड ब्रेविस (23) के साथ 88 रन की साझेदारी कर मुंबई को अच्छी शुरुआत दिलायी। आखिरी ओवरों में नमन ने अपनी पारी में चार चौके और पांच छक्के लगाये और छठे विकेट के लिए इशान किशन (14 रन) के साथ 32 गेंद में 68 रन की साझेदारी कर मुंबई की उम्मीदें जगा दी थी लेकिन उन्हें दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। एलएसजी के लिए रवि बिश्नोई और नवीन अल हक ने दो-दो विकेट लिये। कृणाल पंड्या और मोहसिन खान को एक-एक सफलता मिली। मैन ऑफ द मैच पूरन ने अपनी ताबड़तोड़ पारी में पांच चौके और आठ छक्के जड़े तो वही राहुल ने तीन चौके और इतने ही छक्के लगाये जिससे एलएसजी 10वें ओवर में 69 रन तीसरा विकेट गंवाने के बावजूद बड़ा स्कोर करने में सफल रही। आखिरी ओवरों में आयुष बडोनी (10 गेंद में नाबाद 22) और कृणाल पंड्या (सात गेंद में नाबाद 12) ने सातवें विकेट के लिए 17 गेंदों में 36 रन की अटूट साझेदारी कर मुंबई की मुश्किलें बढ़ा दी। मुंबई के लिए नुवान तुषारा ने 28 रन देकर तीन जबकि पीयूष चावला ने 29 रन देकर तीन विकेट लिये। टीम के बाकी सभी गेंदबाज काफी महंगे साबित हुए।



### एलएसजी-214/6 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| लोकेश का तुषारा बो चावला | 55 |
| देवदत्त पगबाधा तुषारा | 00 |
| मार्कस पगबाधा चावला | 28 |
| दीपक हुड्डा का वढ़ेरा बो चावला | 11 |
| पूरन का सूर्यकुमार बो तुषारा | 75 |
| अरशद खान का वढ़ेरा बो तुषारा | 00 |
| आयुष बडोनी नाबाद | 22 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 07 |

अतिरिक्त: 11
कुल योग: (20 ओवर में छह विकेट पर) 214 रन
गेंदबाजी: तुषारा 4-0-28-3, अर्जुन 2.2-0-22-0, कम्बोज 3-0-48-0, चावला 4-0-29-3, वढेरा 2-0-13-0, हार्दिक 2-0-27-0, नमन 0.4-0-17-0, शेफर्ड 2-0-30-0

### मुंबई-196/6 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित का मोहसिन बो बिश्नोई | 68 |
| डेवाल्ड का कृणाल बो नवीन | 23 |
| सूर्यकुमार का बिश्नोई बो कृणाल | 00 |
| इशान किशन बो नवीन | 14 |
| पंड्या का नवीन बो मोहसिन | 16 |
| नेहाल का कृणाल बो बिश्नोई | 01 |
| नमन धीर नाबाद | 62 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 11
कुल योग: (20 ओवर में छह विकेट पर) 196 रन
गेंदबाजी: अरशद 2-0-11-0, हेनरी 2-0-24-0, कृणाल 4-0-29-1, मोहसिन 4-0-45-1, नवीन 4-0-50-2, बिश्नोई 4-0-37-2



### आखिरी प्लेआफ स्थान के लिए बेंगलोर और चेन्नई में टक्कर

**बेंगलुरु।** लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल प्लेआफ में चौथी टीम के निर्धारण के लिए शनिवार को यहां करो या मरो के मुकाबले में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के सामने होंगी लेकिन इस मैच पर मौसम की गाज गिरने की आशंका भी है। हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस का मैच बारिश में धुलने के कारण अब कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद सनराइजर्स प्लेआफ में पहुंच गई है। अब सिर्फ एक स्थान के लिए रस्साकशी है और दो टीमें सीएसके तथा आरसीबी दौड़ में हैं। बेहतर रनरेट और अधिक अंक (13 अंक और 0 . 528 रनरेट) होने से चेन्नई का दावा मजबूत है।

## वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो के लिए भारतीय टीम के ट्रायल

### चयन की जिम्मेदारी जेजेटीयू को मिली



कोरिया में जुलाई में होगा वर्ल्ड ताइक्वांडो यूनिवर्सिटी फेस्टिवल

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया के महानगर डेगू में जुलाई में प्रस्तावित वर्ल्ड ताइक्वांडो यूनिवर्सिटी फेस्टीवल के लिए इंडिया ताइक्वांडो ने राजस्थान के झुंझुनूं स्थित श्री जेजेटी युनिवर्सिटी को भारतीय टीम के ट्रायल, कैंप और चयन का आयोजन करने की बडी जिम्मेदारी सौंपी है। राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता व ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप के पदक विजेता खिलाडियों को इस कैंप में जगह दी जाएगी, जो 20 दिन के कठिन कैंप के बाद भारतीय टीम में शामिल होने के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश करेंगे।वर्ल्ड ताइक्वांडो से संबद्ध इंडिया ताइक्वांडो के महासचिव अमित धामल द्वारा इस संबंध में श्री जेजेटी युनिवर्सिटी झुंझुनूं के वाइस चांसलर डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल को आधिकारिक पत्र भेजा गया है। पत्र के मुताबिक वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो आयोजन समिति डेगू 2024 वर्ल्ड ताइक्वांडो यूनिवर्सिटी फेस्टिवल का आयोजन दक्षिण कोरिया में करवाने जा रहा है। डेगू महानगर स्थित केमयुंग युनिवर्सिटी में 5 जुलाई से 7 जुलाई तक होने वाले इस आयोजन के लिए भारतीय टीम के ट्रायल से लेकर चयनित खिलाडियों के लिए कैंप का आयोजन करने की जिम्मेदारी श्री जेजेटी युनिवर्सिटी झुंझुनूं को दी गई है। यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबड़ेवाला व यूनिवर्सिटी प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने इस जिम्मेदारी के लिए इंडिया ताइक्वांडो के प्रेजीडेंट नामदेव शिरगांवकर का आभार जताया है।

### शारजाह में निकोलस से हारे अर्जुन एरिगेसी



**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में यूनान के निकोल थियोडोरोउ से हार गए। उन्होंने हालांकि तीसरे दौर में स्विटजरलैंड के निकोलाइ काचेरावा को हराया और लाइव रेटिंग में आठवें स्थान पर बने हुए हैं। भारत के अराविंद चिदंबरम ने अजरबैजान के मुरादली मुहम्मद को हराया।

## परवीन के निलंबन से भारत ने गंवाया ओलंपिक कोटा




### 57 किग्रा में फिर से होगी कोटा हासिल करने की कोशिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले 12 महीने में तीन बार अपना ठिकाना (वेयरअबाउट) नहीं बताने के कारण विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज परवीन हुड्डा को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) द्वारा निलंबित किये जाने के बाद भारत महिलाओं के 57 किग्रा वजन वर्ग में फिर क्वालीफाई करने की कोशिश करेगा। पिछले साल एशियाई खेलों में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली परवीन ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच अपने ठिकाने की जानकारी नहीं दी थी जो वाडा नियमों के तहत अनिवार्य है। इससे उन पर 22 महीने का निलंबन लगाया गया। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने कहा, ''परवीन हुड्डा को ठिकाने की जानकारी नहीं देने के कारण अंतरराष्ट्रीय जांच एजेंसी (आईटीए) द्वारा 22 महीने के लिए निलंबित किया गया है। '' हालांकि संबंधित एजेंसियों के साथ चर्चा के बाद, परवीन की सजा की तारीख को कम करते हुए बदल दिया गया है जिससे उन्हें अब शुक्रवार से 14 महीने का निलंबन झेलना होगा।

### ब्राजील में होगा 2027 फीफा महिला विश्व कप

**बैंकॉक।** ब्राजील में 2027 महिला फुटबॉल विश्व कप होगा चूंकि फीफा के पूर्णकालिक सदस्यों ने बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी के संयुक्त प्रस्ताव पर दक्षिण अमेरिकी देश को तरजीह दी है। फीफा कांग्रेस ने ब्राजील के पक्ष में 119 वोट दिए जबकि संयुक्त यूरोपीय बोली को 78 वोट मिले। अमेरिका और मैक्सिको ने संयुक्त प्रस्ताव पिछले महीने वापिस ले लिया था जबकि दक्षिण अफ्रीका ने नवंबर में अपनी दावेदारी वापिस ले ली थी। पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप दक्षिण अमेरिका में होगा । टूर्नामेंट पहली बार 1991 में खेला गया था।



## निशानेबाज भाकर का चयन ट्रायल्स में दबदबा

**भोपाल।** ओलंपियन मनु भाकर ने शुक्रवार को यहां 10 मीटर एयर पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल्स में शानदार स्कोर से एशियाई खेलों की पदक विजेता ईशा सिंह की चुनौती पस्त करते हुए पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। मनु ने तीसरे ओएसटी में 241.0 का शानदार स्कोर बनाकर ईशा (240.2) और रिदम सांगवान (220.3) को पछाड़ा। सुरभि राव (199.3) और पलक (179.1) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी3 फाइनल में नवीन ने 246.8 अंक का स्कोर बनाया जिससे वह मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.3 अंक से पीछे रहे। सरबजोत सिंह (242.4) ने दूसरा स्थान हासिल किया। उनके बाद अर्जुन सिंह चीमा (218.8), वरूण तोमर (197.3) और रविंदर सिंह (176.9) क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। रमिता जिंदल महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल्स (ट्रायल 3) ने 252.6 अंक का स्कोर बनाया जिससे वह दूसरे स्थान पर रहने वाली ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान (252.1) से आगे रहीं।



# विश्व क्वालीफायर से पहले कोरिया में अभ्यास करेंगी तीरंदाज दीपिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी अगले महीने तुर्किये के अंताल्या में होने वाले आखिरी ओलंपिक विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से पहले दक्षिण कोरिया में अभ्यास करेंगी।

पिछले महीने शंघाई में विश्व कप में रजत पदक जीतने के बाद दीपिका को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना में फिर से शामिल किया गया है। वह भारतीय महिला टीम का हिस्सा है जो पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने का प्रयास करेगी। वह 13 दिन तक किम तीरंदाजी स्कूल में अभ्यास करेंगी और 14 जून से अंताल्या में होने वाले क्वालीफायर के लिए रवाना होंगी। टॉप्स के तहत मंत्रालय उनके हवाई किराए, रहने खाने, अभ्यास और स्थानीय आवागमन का खर्च उठाएगा। मिशन ओलंपिक सेल ने तीरंदाजी पुरुष और महिला टीमों को फिजियोथेरेपी उपकरण खरीदने के लिए भी वित्तीय सहायता मंजूर की है। इसके अलावा प्रवीण जाधव को तीरंदाजी उपकरण खरीदने और निशानेबाज रेइजा ढिल्लों को भारत में 11 दिन तथा इटली में एक सप्ताह अभ्यास को भी मंजूरी दे दी है। ट्रैप निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी की विजन एंड आई ट्रेनिंग कोच की गुजारिश भी मान ली गई है। एथलीट एल्डोस पॉल और किशोर कुमार जेना और बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय के अनुरोध भी मान लिए गए।



## छह जून को कुवैत के खिलाफ खेलेंगे अंतिम मैच

# संन्यास का फैसला अंतर्मन की आवाज पर लिया : छेत्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री ने शुक्रवार को कहा कि अगले महीने कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के बाद संन्यास का फैसला उन्होंने अंतर्मन की आवाज पर लिया और घरेलू सर्किट पर अपने उत्तरदायित्व पूरे करने के बाद वह ब्रेक लेना चाहेंगे। 39 वर्ष के छेत्री ने कुवैत के खिलाफ छह जून को फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने का फैसला लिया है। इसके साथ ही 19 बरस के उनके सुनहरे करियर पर भी विराम लग जाएगा जिसमें उन्होंने 150 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल भारत के लिए सर्वाधिक 94 गोल किए। छेत्री ने वर्चुअल बातचीत में कहा, 'संन्यास का फैसला शारीरिक कारणों से नहीं लिया। मैं अभी भी फिट हूं, दौड़ रहा हूं, डिफेंड कर रहा हूं, मेहनत करना मुश्किल नहीं है। यह फैसला मानसिक पहलू को ध्यान में रखकर लिया। मैं खुद से लड़ रहा था। समग्र रूप से सोचने की कोशिश कर रहा था और अचानक यह फैसला लिया। एक साल बेंगलुरु एफसी के लिए खेलूंगा। घरेलू फुटबॉल कब तक खेलूंगा, पता नहीं। उसके बाद ब्रेक लूंगा।' यह पूछने पर कि बतौर खिलाड़ी कैरियर खत्म होने पर क्या वह कोचिंग के बारे में सोचेंगे, छेत्री ने कहा, 'मैं कभी ना नहीं कहूंगा। ब्रेक के दौरान इस पर सोचूंगा लेकिन अभी यह मेरे एजेंडे में प्राथमिकता नहीं है। बाईचुंग भूटिया के बाद भारतीय फुटबॉल के ध्वजवाहक रहे छेत्री ने कहा कि उन्होंने फैसला लेने से पहले कोच इगोर स्टिमक से बात की। उन्होंने कहा, 'मैं स्टिमक के पास गया और इस फैसले के बारे में बताया। वह मेरी बात समझ गए।'



### संन्यास के बारे में दोस्त कोहली को बताया

भारतीय कप्तान सुनील छेत्री जब फुटबॉल से विदा लेने के अपने फैसले के बारे में घोषणा करने की सोच रहे थे तो उन्हें बखूबी पता था कि ऐसा एक इंसान है जो उनकी स्थिति को समझेगा और उनके दोस्त विराट कोहली ने भी उन्हें निराश नहीं किया। उन्होंने इसकी सार्वजनिक घोषणा करने से पहले कोहली को इसके बारे में बताया। छेत्री ने भुवनेश्वर से आनलाइन मीडिया संवाद में कहा, 'मैंने फैसला लेने से पहले विराट कोहली से बात की। वह मेरे काफी करीब है। मैंने उससे बात की क्योंकि वह इसे समझ सकता था। खेल के उतार चढ़व, संन्यास। मुझे पता था कि वह समझेगा।'




- एनजीएलवी का वजन 700 टन, ऊंचाई 246 फीट और व्यास 16 फीट होगा
- भविष्य में रॉकेट की लांचिंग के खर्च में आएगी कमी
- सरकार की हरी झंडी मिलते ही काम हो जाएगा शुरु

# दुनिया को बड़ी टक्कर देने के लिए इसरो के नए रॉकेट की डिजाइन तैयार, भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स को लॉन्च करना होगा आसान


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का नया रॉकेट तैयार होने वाला है। इसका डिजाइन फाइनल स्टेज में पहुंच चुका है। इसका नाम है नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल (एनजीएलवी)। यह एक हैवी लिफ्ट रॉकेट होगा, जो दशकों से इसरो के काम आ रहे पीएसएलवी की जगह लेगा। इसकी डिजाइन पूरी होने वाली है। इसरो को अब सरकार की हरी झंडी का इंतजार है, ताकि डिजाइन को प्रैक्टिकल प्लेटफॉर्म पर उतारा जा सके। यानी इसका रॉकेट बनाया जा सके। एनजीएलवी रॉकेट तीन स्टेज का होगा। यह 10 टन के पेलोड को जियोस्टेशनरी ट्रांसफर ऑर्बिट तक पहुंचा सकेगा। साथ ही यह अन्य रॉकेटों की तुलना में किफायती होगा।

### रॉकेट बनाना होगा आसान

दोबारा इस्तेमाल करने वाले हिस्सों की वजह से रॉकेट लॉन्च का खर्च कम हो जाएगा। इसकी डिजाइन मॉड्यूलर होगी। ताकि ज्यादा मात्रा में इसका प्रोडक्शन किया जा सके। इसका बड़ा फायदा ये है कि इससे इसका मेंटेनेंस आसान हो जाएगा। इसमें सेमी-क्रायोजेनिक प्रोपल्शन सिस्टम होगा।

> इसरो के नए रॉकेट एनजीएलवी का डिजाइन बनकर तैयार है। बस अब सरकार की तरफ से रॉकेट बनाने का निर्देश मिलना बाकी है। जैसे ही हरी झंडी मिली। इसरो देश के लिए नया रॉकेट बना देगा। इसके बाद इसरो रॉकेट के मामले में अमेरिका, रूस, यूरोप, चीन समेत पूरी दुनिया को और बड़ी टक्कर देगा।



### अलग-अलग वैरिएंट्स ले जाएंगे सैटेलाइट्स

*इसके अलग-अलग वैरिएंट्स बनाए जाएंगे। एनजीएलवी रॉकेट्स लोअर अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) तक 17 हजार से 48 हजार किलोग्राम के पेलोड ले जा पाएंगे। जबकि जियोस्टेशनरी ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) तक 8500 से 24 हजार किलोग्राम तक के पेलोड को पहुंचा पाएंगे।*

### इस तरह होगा बड़ा फायदा

फायदों की बात करें तो इसरो भविष्य में इससे काफी भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स लॉन्च कर सकेगा। क्योंकि अभी तक इसरो के पास जो भी रॉकेट हैं, वो अधिकतम 4-5 टन के सैटेलाइट ही लॉन्च कर पाते हैं। यह रीयूजेबल रॉकेट होगा। यानी इसका कुछ हिस्सा फिर से इस्तेमाल करने लायक बनाया जाएगा।

### लॉन्चिंग होगी किफायती

*सेमी-क्रायोजेनिक प्रोपल्शन सिस्टम यानी रिफाइंड केरोसिन और लिक्विड ऑक्सीजन को ईंधन के तौर पर इस्तेमाल करेंगे। इस ईंधन के इस्तेमाल से भी खर्चा बचेगा। ओपन सोर्सेस पर मौजूद जानकारी के मुताबिक एनजीएलवी की ऊंचाई 246 फीट होगी। इसका व्यास 16 फीट होगा। वजन 600 टन से 700 टन के बीच होगा।*

## विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पाकिस्तान को दी सख्त चेतावनी

# पाकिस्तान बंद करे आतंक की फैक्ट्री भारत बिल्कुल 'बर्दाश्त' नहीं करेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

> *विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अगर पड़ोसी देश भारत में सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करता है तो उसको गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। पाकिस्तान अपने देश में आतंकवाद का पनाहगार बना हुआ है।*

भारत ने पाकिस्तान को खुले शब्दों में चेतावनी दी है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अगर पड़ोसी देश भारत में सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करता है तो उसको गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि भारत में किसी भी तरह की सीमा पार आतंकवाद गतिविधि के प्रति सहनशीलता बहुत कम है। दिल्ली में सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान लगातार अपने देश में आतंकवाद का पनाहगार बना हुआ है।

विदेश मंत्री ने इस दौरान आतंकवाद के प्रति एक बार फिर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा कि साल 2014 में ही देश ने स्पष्ट निर्णय लिया था कि वे किसी भी सीमा पार आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा।

### खास बातें

- दिल्ली में सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन को विदेश मंत्री ने किया संबोधित
- घटनाएं होती हैं तो नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर इसके दिखेंगे परिणाम




### पाकिस्तान को बंद करना होगा आतंक

*उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने देश में लगातार आतंकियों को बढ़ावा दिया है। हालांकि, अगर वह इस तरह की हरकतों और अपने यहां पनपे इस उद्योग को बंद कर देता है तो भारत के लोग भी उसके साथ सामान्य पड़ोसी की ही तरह व्यवहार करेंगे।*

### भारत ने 2014 में दिया था स्पष्ट निर्णय

विदेश मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत के लोगों ने 2014 में बहुत स्पष्ट निर्णय लिया था कि वे इसे स्वीकार नहीं करेंगे। देश किसी भी तरह की सीमा पार आतंकवाद गतिविधि के लिए सहिष्णुता बहुत कम है। घटनाएं भारत सहन बिलकुल नहीं करेगा।

### चीन से सीमा विवाद अधिक जटिल

चीन पर बोलते हुए उन्होंने ड्रैगन के साथ सीमा विवादों को अधिक जटिल बताया। जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ संबंधों की जटिलता के तीन पहलू हैं। एक बुनियादी पहलू यह है कि सीमा क्षेत्र में शांति भंग हो गई है। जयशंकर ने कहा कि अगर कोई देश लिखित समझौते से पीछे हट गया है और भारत की सीमाओं पर कुछ कर रहा है, तो हम यह नहीं कह सकते कि व्यापार सामान्य रूप से जारी रहेगा और अन्य चीजें नहीं होंगी। दूसरे मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि चीन से संबंध व्यापार असंतुलन का मुद्दा भी है। उन्होंने कहा कि भारत के व्यापारिक समुदाय के साथ हमारी कुछ चुनौतियां हैं।

## ईरान के साथ चाबहार डील मामला

# भारत कोई भी फैसला अपने लिए करेगा किसी तीसरे के आधार पर नहीं: पीएम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू में ईरान और भारत के बीच हाल ही में हुए चाबहार समझौते पर पहली बार प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि चाबहार समझौता भारत की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ा समझौता है। साथ ही चाबहार समझौते पर अमेरिका की चेतावनी पर भी पीएम मोदी ने दो टूक जवाब दिया। उन्होंने अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि भारत कोई भी फैसला अपने लिए करेगा, किसी तीसरे के आधार पर नहीं।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारा नैरेटिव ये था कि हम इससे इतने दूर हैं, हम उससे इतने दूर हैं। हम समान दूरी बरतते थे, हमारी डिप्लोमेटिक भाषा में यही चलता था, मैंने कहा, कुछ नहीं करना है अब... मेरी भाषा है कि हम कितने नजदीक हैं। अब दुनिया में ये प्रतिस्पर्धा शुरू हुई कि निकट कैसे जाएं इसके। पहले दूर रहने की प्रतिस्पर्धा थी, अब बदल गया। अब सब लोगों में निकट आने की प्रतिस्पर्धा चल रही है।

ईरान के साथ चाबहार समझौता का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'अब कल ईरान में बहुत बड़ा निर्णय हुआ है। यह हिंदुस्तान के अखबारों की हेडलाइन न्यूज है। और मेरे मिनिस्टर चाहबहार ईरान में थे। चाहबहार पोर्ट का फाइनल एग्रीमेंट हुआ है, सेंट्रल एशिया से जुड़ा हुआ हमारी अर्थव्यवस्था का यह बहुत बड़ा काम हुआ है। हेडटेबल क्या होता है जी? इन सारी लड़ाइयों के बीच में मेरा चाबहार का एग्रीमेंट हो जाता है।

### चेतावनी पर पीएम की प्रतिक्रिया

*पीएम मोदी ने भी अप्रत्यक्ष तरीके से अमेरिका को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हम किसी तीसरे के आधार पर अपना निर्णय नहीं करेंगे। हम निर्णय हमारे लिए करेंगे। फलाने को बुरा लगेगा तो? इससे बात करेंगे तो? जी नहीं.... मैं सबसे बात करूंगा। राष्ट्रपति पुतिन अगर मेरी भरपूर तारीफ करते हैं, इसका मतलब ये नहीं कि मैं राष्ट्रपति पुतिन को मिलकर यह नहीं कह सकता कि दिस इज नॉट टाइम फॉर वॉर (यह युद्ध का समय नहीं है)। वो भी सम्मान करेंगे कि चलिए कोई मित्र है जो यह बताता है कि क्या सही है, क्या गलत है। यूक्रेन को भी मुझ पर इतना ही भरोसा है। मुझ पर यानी भारत पर। अमेरिका और रूस के साथ बैलेंस को लेकर पीएम मोदी ने कहा- मैं मानता हूं कि ये सब तब होता है जब आपके इरादे नेक हों, आपके प्रति विश्वास हो तो चोरी छिपे और अमेरिकंस से पूछ करके नहीं करना होता है। वैसे ही, मैं रशिया से, मेरे देश को सस्ते में पेट्रोल चाहिए तो मैं लूंगा। मेरे लिए जरूरी है तो मैं करूँगा। मैं छिपाता नहीं हूँ और मैं अपने टर्म्स पर मेरे देश को चलाता हूँ।*




## उत्तर कोरिया ने समुद्र में दागी बैलिस्टिक मिसाइलें

**सियोल।** अमेरिका और दक्षिण कोरिया की ओर से युद्धक विमानों से किए गए संयुक्त सैन्य अभ्यास के दूसरे दिन उत्तर कोरिया ने पूर्वी तट से कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ आफ स्टाफ ने कहा कि पूर्वी तट वानसन क्षेत्र से लांच किए गए हथियारों ने कोरियाई



प्रायद्वीप और जापान के बीच समुद्र में गिरने से पहले लगभग 300 किलोमीटर की दूरी तय की। संयुक्त अभ्यास में दक्षिण कोरिया के दो एफ-35 एएस और अमेरिका के दो एफ-22 विमान शामिल हुए थे। उत्तर कोरिया की ओर से हाल के महीनों में लगातार हथियारों की टेस्टिंग जारी है। इस बीच अमेरिका और दक्षिण कोरिया भी क्षेत्र में लगातार संयुक्त अभ्यास कर रहा है। पर्यवेक्षकों का कहना है कि उत्तर कोरिया का मानना है कि यदि बातचीत फिर से शुरू होती है तो उन्नत हथियार शस्त्रागार उसे अमेरिका से अधिक रियायतें हासिल करने का लाभ देगा।

## मुंबई समेत दुनिया के कई बड़े तटीय शहरों पर संकट

# समंदर में डूब सकता है बैंकॉक, थाईलैंड खोज रहा नई राजधानी

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

दुनिया भर के सैलानियों को अपनी ओर खींचने वाले थाईलैंड को अपनी राजधानी बैंकॉक बदलनी पड़ सकती है। दरअसल, थाईलैंड की मौजूदा राजधानी बैंकॉक के जलवायु परिवर्तन की वजह से समुद्र में डूबने का खतरा बढ़ गया है। थाईलैंड के क्लाइमेट चेंज ऑफिस के अनुसार, समुद्र के बढ़ते स्तर के कारण थाईलैंड को अपनी राजधानी बैंकॉक को ट्रांसफर करने पर विचार करना पड़ सकता है। पहले के कई अनुमानों में कहा गया है कि इस सदी के आखिर तक बैंकॉक के तटीय इलाकों के समुद्र में समाने का खतरा है। वैसे भी चकाचौंध वाला यह शहर बारिश के दिनों में भारी बाढ़ से जूझने लगता है।



### 2050 तक डूब सकते हैं ये शहर

क्लाइमेट सेंट्रल नाम के प्रोजेक्ट की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन की वजह से दुनिया के ये शहर 2050 तक डूब सकते हैं। ये हैं- अमेरिका का सवाना और न्यू ऑरलिएंस, गुएना की राजधानी जॉर्जटाउन, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक, भारत के कोलकाता और मुंबई, वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी, इटली की वेनिस सिटी, इराक का बसरा, नीदरलैंड्स का एम्सटर्डम।

### क्यों हो रहा है जलवायु में बदलाव?

*सना रहमान के अनुसार, जमीन के भीतर बहुत सा कॉर्बन अलग-अलग रूपों में मौजूद है। ये कॉर्बन लाखों साल से धरती में मौजूद है। इस कॉर्बन को इतने साल तक रहने की वजह से धरती ने इसे अपने सीने से लगाए रखा और उससे एक लगाव सा हो गया। यह कॉर्बन पेट्रोलियम, गैस या कोयले के रूप में मौजूद रहा। शहरों के आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण की वजह से हमने धरती के भीतर के कॉर्बन को निकालना शुरू कर दिया। उस कॉर्बन को हमने इस्तेमाल के लिए गैस में बदल दिया। गैस की प्रकृति यह है कि यह कॉर्बन डाईआक्साइड के रूप में गर्मी को सोखती है। जब हमने धरती से कॉर्बन निकाल लिया तो वह गैस के रूप में गर्मी भी साथ रखता है।*

### मुंबई तो 2 मिमी की दर से समुद्र में समा रही है

*इटली की वेनिस सिटी में हर साल 2 मिलीमीटर भी पानी बढ़ जाएगा तो वह भी जल्दी डूब सकता है। अमेरिका के मियामी, न्यूयॉर्क जैसे तटीय शहरों पर भी यही खतरा है। आईआईटी मुंबई के शोधकर्ताओं ने बीते साल एक रिपोर्ट पब्लिश की थी। इसके अनुसार, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई हर दो मिलीमीटर की दर से समुद्र में समा रही है, जिसकी बड़ी वजह जलवायु परिवर्तन है।इंडोनेशिया की राजधानी और देश का सबसे बड़ा शहर जकार्ता का नाम इस सूची में सबसे पहले नंबर पर है। जकार्ता की हालत ऐसी है कि यह हर साल समुद्र में 30.5 सेंटीमीटर तक समा रहा है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109